Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्षः 07 अंकः 18 | सोमवार, 19 जनवरी -2026 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## मुंबई में बोले मोहन भागवत

# 'भेदभाव खत्म करने के लिए जाति को मन से मिटाना जरूरी'

**नई दिल्ली।**



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने कहा है कि यदि सामाजिक व्यवहार से जातिगत भेदभाव को समाप्त करना है, तो सबसे पहले जाति को मन से मिटाना होगा।

उन्होंने कहा कि अतीत में जाति को पेशे और काम से जोड़ा जाता था, लेकिन बाद में इसने समाज में गहराई से जड़ें जमाई और यही जाति व्यवस्था भेदभाव का कारण बन गई। उन्होंने यह भी कहा जब तक धर्म भारत का मार्गदर्शन करता रहेगा, देश 'विश्वगुरु' बना रहेगा।

ऐसा आध्यात्मिक ज्ञान दुनिया में कहीं और नहीं मिलता। आरएसएस के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में यहां आयोजित जन संगोष्ठी में भागवत ने लोगों से जाति व्यवस्था को अपने मन से निकालने की अपील की। उन्होंने कहा कि इस भेदभाव को समाप्त करने के लिए जाति को मन से मिटाना होगा। यदि ईमानदारी से ऐसा किया जाए तो 10 से 12 वर्षों के भीतर जातिगत भेदभाव समाप्त हो जाएगा। इस अवसर पर उन्होंने आम जनता के साथ संवाद भी किया। दर्शकों के सवालों का जवाब देते हुए भागवत ने कहा कि संघ का लक्ष्य समाज के साथ-साथ भारत को उसकी परम गौरव की ओर ले जाना है। उन्होंने कहा कि संघ व्यक्तिगत चरित्र निर्माण के माध्यम से राष्ट्र निर्माण के लिए काम करता है। यह प्रतिक्रिया से उत्पन्न संगठन नहीं है और न ही इसकी किसी के साथ प्रतिस्पर्धा है।

उन्होंने कहा, 'संघ स्वयं बड़ा नहीं बनना चाहता, वह समाज को बड़ा बनाना चाहता है।' अगर लोग संघ को समझना चाहते हैं तो उन्हें इसकी शाखाओं में आना होगा। दुनिया के पास इस प्रकार का ज्ञान नहीं है क्योंकि उसमें आध्यात्मिकता की कमी है। चाहे नरेन्द्र भाई हों, मैं, आप या कोई और, हम सभी को एक ही शक्ति चलाती है। अगर वाहन उस शक्ति से चलता है तो कभी कोई दुर्घटना नहीं होगी। वह शक्ति धर्म है। देश धर्मनिरपेक्ष हो सकता है, लेकिन कोई भी मनुष्य या कोई भी रचना धर्म से रहित नहीं हो सकती।

### धर्म ही संपूर्ण ब्रह्मांड का चालक है, सब कुछ इसी सिद्धांत पर चलता है

मुंबई में आयोजित एक कार्यक्रम में भागवत ने कहा, धर्म ही संपूर्ण ब्रह्मांड का चालक है और सब कुछ इसी सिद्धांत पर चलता है। भारत को अपने पूर्वजों से एक समृद्ध आध्यात्मिक विरासत प्राप्त हुई है और वह संतों एवं ऋषियों से निरंतर मार्गदर्शन प्राप्त करता रहा है।

## ताज का दीदार करने इस कदर उमड़ी पर्यटकों की भीड़, टिकट के लिए लगी कतार

**आगरा।** आगरा में वीकेंड पर ताज का दीदार करने के लिए पर्यटकों की भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही टिकट काउंटर पर लंबी कतार लगी नजर आईं। वहीं पर्यटकों की भीड़ का असर यातायात पर भी पड़ा। कई मुख्य मार्ग पर जाम लगा रहा। ताजमहल का दीदार करने के लिए रविवार को देशी-विदेशी पर्यटकों का सैलाब उमड़ पड़ा। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के मुताबिक, रविवार को 25,326 हजार पर्यटकों ने ताज की खूबसूरती को अपनी यादों में कैद किया। सुबह से ही ताजमहल के पश्चिमी और पूर्वी गेट पर पर्यटकों की लंबी कतारें देखने को मिलीं।

भीड़ में स्थानीय लोगों के साथ-साथ अन्य राज्यों से आए सैलानी भी शामिल रहे। ताजमहल पर पर्यटकों की भीड़ का असर शहर की यातायात व्यवस्था पर भी पड़ा। मुख्य मार्गों पर वाहनों के अत्यधिक दबाव के कारण लोगों को घंटों जाम से जूझना पड़ा। स्थिति यह रही कि दोपहर तक पार्किंग फुल हो गए, जिसके चलते सैलानियों को अपने वाहन काफी दूर खड़े कर पैदल ही स्मारक तक पहुंचना पड़ा।

## एमपी के नेताओं से बोले राहुल गांधी

# 'मैं संसद में उठाऊंगा दूषित पानी का मुद्दा, आप विधानसभा में मांगे जवाब'

**भोपाल, इंदौर।**



जबलपुर और ग्वालियर नगरीय क्षेत्र में सप्लाई किए जाने वाले जल के नमूनों के आधार पर तैयार की जा रही रिपोर्ट और जलापूर्ति के लिए अब तक हुए व्यय को आधार बनाकर विधानसभा में राज्य सरकार को घेरा जाएगा। स्पष्ट है कि राहुल गांधी के दौरे के बाद यह मामला आसानी से खत्म होने वाला नहीं है। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि यह केवल एक नगर निगम क्षेत्र का मामला नहीं है, पूरे मध्य प्रदेश में यही स्थिति है। सैकड़ों करोड़ रुपये व्यय करने के बाद भी लोगों को स्वच्छ जल तक नहीं मिल पा रहा है। यह सरकार की बड़ी असफलता है। भाजपा कार्रवाई के नाम पर केवल दिखावे की राजनीति कर रही है। राहुल गांधी ने मौके पर पहुंचकर पीड़ितों का दर्द साझा किया, जबकि भाजपा की ओर से अब तक न मुख्यमंत्री और न ही कोई बड़ा राष्ट्रीय नेता पीड़ितों के इलाके में पहुंचा। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी का कहना है अब विधानसभा में यह पूछा जाएगा कि सैकड़ों करोड़ रुपये खर्च करने के बाद भी दूषित जल से जिन लोगों की जान गई, उसका जिम्मेदार कौन है।

### कैलाश विजयवर्गीय ने क्या कहा?

मामले पर नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि हम पूरे मामले पर नजर बनाए हुए हैं। जैसे आवश्यकता होगी, वैसी सहायता करेंगे। भागीरथपुरा के नागरिक हमारे हैं। हम उनकी मदद के लिए हमेशा तैयार हैं।

## कई वर्षों के बाद लाभ में आईं बिजली वितरण कंपनियां



**नई दिल्ली।**

केंद्र और राज्य सरकारों के प्रयासों से कई वर्षों से घाटे में चल रहीं देश की बिजली वितरण कंपनियां आखिरकार लाभ में आ गई हैं। रविवार को जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार, पिछले वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान सभी बिजली वितरण कंपनियों को 2,701 करोड़ रुपये का लाभ हुआ है। बिजली मंत्रालय ने बताया कि राज्य विद्युत बोर्डों के विभाजन और कॉरपोरेटाइजेशन के बाद पिछले कई वर्षों से बिजली वितरण कंपनियां घाटे में चल रही थीं। वित्त वर्ष 2013-14 में सभी बिजली वितरण कंपनियों का कुल घाटा 67,962 करोड़ रुपये था, जो वित्त वर्ष 2023-24 में घटकर 25,553 करोड़ रुपये पर आ गया था।कंपनियों के लाभ पर टिप्पणी करते हुए केंद्रीय बिजली मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि यह वितरण क्षेत्र के लिए एक नया अध्याय है और मंत्रालय द्वारा उठाए गए कई कदमों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि भारत न केवल अपनी वृद्धि को आगे बढ़ा रहा है, बल्कि विश्व की वृद्धि में भी योगदान दे रहा है। इसमें ऊर्जा क्षेत्र महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सरकार इस क्षेत्र में आवश्यक सुधारों को लेकर प्रतिबद्ध है ताकि बिजली क्षेत्र भारत की बढ़ती अर्थव्यवस्था का समर्थन कर सके और विकसित भारत की यात्रा में अपनी भूमिका निभा सके।

### मंत्रालय ने क्या कहा?

मंत्रालय ने कहा कि सुधारों का परिणाम न केवल कंपनियों के लाभ से स्पष्ट है, बल्कि अन्य प्रदर्शन संकेतकों में भी इसका असर दिख रहा है। पिछले वर्षों में कंपनियों की एग्रीगेट टेक्निकल एंड कमर्शियल (एटीएंडसी) हानियां भी कम हुई हैं। मंत्रालय के अनुसार, वित्त वर्ष 2013–14 में एटीएंडसी हानियां 22.62 प्रतिशत थीं, जो 2024–25 में 15.04 प्रतिशत हो गई हैं।

## कोहरा बना काल

# यूपी, हरियाणा और पंजाब में हादसा, 15 लोगों की मौत, 100 से अधिक घायल

**नई दिल्ली।**

उत्तर भारत के कई राज्यों में कोहरे का सितम कम होता नहीं दिख रहा। यूपी, हरियाणा और पंजाब में रविवार को कोहरा काल बनकर आया। यहां घने कोहरे के कारण दृश्यता बेहद कम होने की वजह से 50 से अधिक वाहन आपसे में भिड़ गए। इस दौरान तीनों राज्यों में विभिन्न सड़क हादसों में 15 लोगों की मौत हो गई, जबकि 100 से अधिक घायल हो गए। उत्तर प्रदेश में विभिन्न हादसों में 50 से अधिक वाहन आपस में टकरा गए, जिससे 11 लोगों की जान चली गई और 70 से ज्यादा लोग घायल बताए गए है। रामपुर में गलत दिशा से आ रहे ऑटो ने एक बाइक पर सवार तीन लोगों को टक्कर मार दी। हादसे में पिता-पुत्र समेत तीनों की मौत हो गई। मुरादाबाद में दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर शनिवार रात लोधीपुर राजपूत गांव के पास एक कैंटर में कंटेनर पीछे से टकरा गया, जिसमें कंटेनर चालक की मौत हो गई। अमरोहा के आदमपुर में मैक्स गाड़ी एक गहरी खंदक पर पलट गई, जिसमें चालक की जान चली गई। गजरौला में कोहरे के चलते दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर 15 से अधिक वाहन टकरा गए। शाहजहांपुर में दिल्ली-लखनऊ हाईवे के उचौलिया गांव के पास दो लोगों को ट्रक ने कुचल दिया। कपसेड़ा गांव के पास कोहरे में रोडवेज बस एवं दो कार टकरा गईं, इसमें तीन लोग घायल हुए। पूरनपुर में पीएसी की गाड़ी डिवाइडर से टकराकर पलट गई, जिसमें आठ जवान घायल हो गए। बरेली में दिल्ली-लखनऊ हाईवे के फरीदपुर में 16 वाहन टकराए, इसमें रोडवेज बस चालक की मौत हो गई। फिरोजाबाद के मटसेना क्षेत्र में लखनऊ एक्सप्रेसवे पर पीछे से आ रही स्लीपर कोच बस डंपर से टकरा गई। बस में बैठे 12 सवारियां घायल हो गईं। मेरठ-बुलंदशहर हाईवे पर कमालपुर गांव के पास आगरा डिपो की बस आगे चल रहे कैंटर से टकरा गई। इसमें बस चालक और तीन यात्री चोटिल हो गए। बागपत में तीन स्थानों पर 12 वाहन आपस में टकरा गए। इसमें 20 से अधिक लोग घायल हुए। दुर्घटना में एक बैल की भी मौत हो गई। यूपी में धुंध के कारण कुछेक और हादसे हुए।



## मुंबई में जीत, काजीरंगा में जश्न

# असम में बोले पीएम मोदी कांग्रेस ने देश का भरोसा खो दिया

**नई दिल्ली।**



पीएम मोदी ने कहा कि आज भाजपा पूरे देश में लोगों की पहली पसंद बन गई है। बीते एक-डेढ़ वर्षों से भाजपा पर देश का भरोसा लगातार बढ़ता जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि नॉर्थ ईस्ट की सबसे बड़ी पीड़ा हमेशा दूरी की रही है। दूरी दिलों की, दूरी स्थानों की। दशकों तक यहां के लोगों को ये महसूस होता रहा कि देश का विकास कहीं और हो रहा है और वे पीछे छूट रहे हैं।

इसका असर केवल अर्थव्यवस्था पर नहीं पड़ा बल्कि भरोसे पर भी पड़ा। इस भावना को बदलने का काम भाजपा ने किया। डबल इंजन की सरकार ने नॉर्थ ईस्ट के विकास को प्राथमिकता बनाया। रोडवेज, रेलवे, एयरवेज और वाटरवेज के माध्यम से असम को जोड़ने का काम एक साथ शुरू हुआ। लेकिन कांग्रेस ने कभी इसकी परवाह नहीं की। जब केंद्र में कांग्रेस की सरकार थी तो असम को बहुत कम रेल बजट मिलता था। लगभग 2000 करोड़ रुपये। अब भाजपा सरकार ने इसे बढ़ाकर लगभग 10,000 करोड़ रुपये सालाना कर दिया गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि जब प्रकृति सुरक्षित होती है तो उसके साथ अवसर भी पैदा होते हैं। पिछले कुछ वर्षों में काजीरंगा में पर्यटकों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी हुई है। होम स्टे, गाइड सेवाएं, परिवहन, हस्त शिल्प और छोटे व्यवसायों के माध्यम से स्थानीय युवाओं को आय के नए साधन मिले हैं। आज मैं असम के आप लोगों की, यहां की सरकार की एक और बात के लिए खासतौर पर तारीफ करूंगा। एक समय था जब काजीरंगा में राइनो के शिकार की घटनाएं असम की सबसे बड़ी चिंता बन चुकी थी। 2013-14 में एक सींग वाले दर्जनों राइनो मारे गए। भाजपा सरकार ने तय किया था कि हम ये नहीं चलने देंगे, अब ऐसा नहीं चलेगा। हमने इसके बाद सुरक्षा व्यवस्था को नए सिरे से मजबूत किया, वन विभाग को आधुनिक संसाधन मिले, निगरानी तंत्र सशक्त हुआ, महिलाओं की भागीदारी बढ़ाई गई। इसका सुखद परिणाम भी सामने आया। 2025 में राइनो के शिकार की एक भी घटना सामने नहीं आई है।

## देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन फरवरी में जींद से भरेगी फर्राटा

**जींद।**

यह दुनिया की सबसे लंबी और ताकतवर हाइड्रोजन ट्रेन है। जींद पहुंच चुकी ट्रेन के साथ ट्रैक और हाइड्रोजन प्लांट की टेस्टिंग की जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों इसे हरी झंडी दिखाए जाने की संभावना है। देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन फरवरी में जींद-सोनीपत रेलवे स्टेशन के बीच फरवरी में फर्राटा भरेगी। यह दुनिया की सबसे लंबी और ताकतवर हाइड्रोजन ट्रेन है। जींद पहुंच चुकी ट्रेन के साथ ट्रैक और हाइड्रोजन प्लांट की टेस्टिंग की जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों इसे हरी झंडी दिखाए जाने की संभावना है। हाइड्रोजन सेल आधारित 35 ट्रेनों के बेड़े को विकसित करने के लिए केंद्र सरकार ने 2023-24 में 2800 करोड़ रुपये आवंटित किए थे। रिसर्च डिजाइन एंड स्टैंडर्ड ऑर्गनाइजेशन (आरडीएसओ) ने डीजल इलेक्ट्रिक मल्टीपल यूनिट (डेमू) को हाइड्रोजन फ्यूल सेल तकनीक में ढालकर यह पहली ट्रेन तैयार की है। इसके कोच इंटीग्रल रेल कोच फैक्टरी चेन्नई ने बनाए हैं।

## यूएई के राष्ट्रपति नाहयान आज आएंगे भारत

**नई दिल्ली।**



यूएई के राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान प्रधानमंत्री मोदी के निमंत्रण पर भारत की आधिकारिक यात्रा पर आ रहे हैं, जो दोनों देशों के संबंधों में लगातार बढ़ती नजदीकी को दिखाता है। इस दौरे में भारत-यूएई रणनीतिक साझेदारी को नई दिशा देने और क्षेत्रीय-वैश्विक मुद्दों पर साझा दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने पर चर्चा होगी। पढ़िए रिपोर्ट- संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान सोमवार को भारत की आधिकारिक यात्रा पर आएंगे। रविवार को विदेश मंत्रालय ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर राष्ट्रपति नाहयान की भारत का यह तीसरा आधिकारिक दौरा है। विदेश मंत्रालय के अनुसार, इस यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति नाहयान भारत-यूएई व्यापक रणनीतिक साझेदारी को नई दिशा देने पर चर्चा करेंगे। साथ ही क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान होगा, जिन पर दोनों देशों की सोच काफी हद तक समान है। राष्ट्रपति बनने के बाद यह नाहयान की भारत की तीसरी आधिकारिक यात्रा होगी, जबकि पिछले दस वर्षों में यह उनका पांचवां भारत दौरा है। यह यात्रा भारत और यूएई के बीच हाल के उच्चस्तरीय संपर्कों से बनी मजबूत गति को आगे बढ़ाएगी। इनमें सितंबर 2024 में अबू धाबी के क्राउन प्रिंस खालिद बिन मोहम्मद बिन जायद अल नहयान और अप्रैल 2025 में दुबई के क्राउन प्रिंस व यूएई के उप प्रधानमंत्री व रक्षा मंत्री हमदान बिन मोहम्मद बिन राशिद अल मकतूम की भारत यात्रा शामिल है।

## संपादक की कलम से

# बहुमत के बावजूद सियासत

महाराष्ट्र के नगर निगम चुनाव में भाजपा को अभूतपूर्व और प्रचंड जनादेश मिला है। एक तरफ बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) में पुरानी शिवसेना का वर्चस्व और शासन समाप्त किया है, तो दूसरी तरफ पुणे में शरद पवार के परंपरागत गढ़ को ध्वस्त किया है। पवार अब न तो चाणक्य रहे हैं और न ही राजनीतिक तौर पर प्रासंगिक रहे हैं। उनका राजनीतिक युग समाप्त हो चुका है। महाराष्ट्र नगर निगम के कुल 2869 में से 1440 वार्ड में भाजपा के पार्षद विजयी रहे हैं, लिहाजा कुल 29 नगर निगमों में से 25 में भाजपा के मेयर सत्तारूढ़ हो सकते हैं। भाजपा ने भी ऐसे जनादेश की कल्पना नहीं की थी। महत्वपूर्ण यह रहा कि ये चुनाव प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा के बड़े नेताओं के प्रचार के बिना ही लड़े गए। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने ही चौतरफा नेतृत्व किया और परिणाम सामने है। जाहिर है कि फडणवीस का भाजपा के भीतर राजनीतिक कद बढ़ेगा। बहरहाल जनादेश की दृष्टि से शिवसेना (उद्धव ठाकरे) और कांग्रेस भाजपा से कई गुना पीछे रह गई हैं। सबसे शानदार और उल्लेखनीय जीत बीएमसी की रही है, लिहाजा अब देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में भाजपा का मेयर (महापौर) होना चाहिए। लेकिन अकेली भाजपा के 89 पार्षदों के बावजूद बीएमसी में बहुमत नहीं है। भाजपा-शिवसेना (शिंदे) ने महायुति वाले गठबंधन के तहत ही चुनाव लड़ा था। शिवसेना के 29 पार्षद जीते हैं। साझा गठबंधन को सदन में 118 पार्षदों के साथ स्पष्ट बहुमत हासिल है। सत्ता से बाहर हो रही शिवसेना (यूबीटी) और राज ठाकरे की मनसे ने 20 साल बाद गठबंधन में चुनाव लड़ा था। उन्हें 71 पार्षद मिले हैं। मराठी मानुष, मराठा, मराठी भाषा के प्रचार को जनता ने खारिज कर दिया। अब मराठा सियासत के कई साझेदार हो गए हैं, जिनमें भाजपा और शिंदे सेना भी शामिल है। बेशक ठाकरे घराने की चुनावी पराजय हुई है, लेकिन पार्टी संस्थापक बाला साहेब ठाकरे की विरासत अब भी अस्तित्व में है। बल्कि वह बीएमसी में सत्ता के समीकरण बदल भी सकती है। इतिहास खुद को दोहराता-सा लग रहा है। भाजपा-पुरानी शिवसेना ने विधानसभा चुनाव गठबंधन के साथ ही लड़ा था। गठबंधन के पक्ष में स्पष्ट बहुमत भी था, लेकिन उद्धव ठाकरे की मुख्यमंत्री बनने की महत्वाकांक्षा इतनी प्रबल थी कि उन्होंने अढाई-अढाई साल के मुख्यमंत्री की मांग की। बल्कि पहला अवसर शिवसेना को देने का भी आग्रह किया। हालांकि भाजपा के 104 विधायक जीत कर आए थे और वह सबसे बड़ी पार्टी के तौर पर उभरी थी। तत्कालीन शिवसेना के 55-56 विधायक ही थे। सत्ता हासिल करने के लिए राजनीतिक भूख यहां तक बढ़ी कि उद्धव ने कांग्रेस और संगठित एनसीपी के साथ महाविकास अघाड़ी गठबंधन बनाया और मुख्यमंत्री बन गए। भाजपा ने एकनाथ शिंदे के जरिए न केवल शिवसेना को दोफाड़ किया, बल्कि उद्धव की सरकार भी गिरवा दी। लगभग उसी तरह अब उपमुख्यमंत्री शिंदे की शिवसेना के 29 पार्षदों को ताज होटल में, गहरे पहरे के साथ, रखा गया है। पार्षदों में से ही आवाज उभरी है कि मुंबई का मेयर अढाई-अढाई साल का होना चाहिए। सियासत यहीं से आरंभ होती है। यदि शिवसेना किसी भी स्थिति में भाजपा के पंचसाला मेयर के लिए तैयार नहीं हुई, तो क्या शिंदे की शिवसेना घर-वापसी करते हुए उद्धव की शिवसेना के साथ कोई समझौता कर सकती है? हालांकि उद्धव का साफ कहना है कि जिन्होंने हमारी पार्टी तोड़ी थी, उनके लिए हमारे दरवाजे बिल्कुल बंद हैं, लेकिन उन्हीं के सांसद प्रवक्ता संजय राउत ने धमकी वाला बयान दिया है कि भाजपा-शिवसेना के बीएमसी में 4 पार्षद ही बहुमत से अधिक हैं, लिहाजा कभी भी तख्तापलट किया जा सकता है।



ललित शर्मा
संपादक

## कविता

### मजबूर है जनता की सरकार

उदय किशोर साह



भ्रष्टाचारी तुमको है अब धिक्कार
हर दफ्तर में तेरी खुद की है सरकार
देश की जनता की नजर में हो गद्दार
मजबूर है जनता की चुनी हुई सरकार

बिना रिश्वत के फाईल को ना बढ़ाता
बेईमानी कर हर काम को निभाता
तेरे इस पाप में सहयोगी भी मक्कार
मजबूर है जनता की चुनी हुई सरकार

महल पे महल है तेरा आशियाना
गरीबों को ना नसीब है कोई भी ठिकाना
करते हो तुम कुरसी का हर वक्त अहंकार
मजबूर है जनता की चुनी हुई सरकार

विदेशों में तेरे लाड़ले उच्च शिक्षा पाते
रंक के नावालिग बाल मजदूर कहलाते
कितना अन्तर है देश में आज बरकरार
मजबूर है जनता की चुनी हुई सरकार

देश में कहने का है आज लोकतंत्र
पर अन्तर प्रवाह में दिखता भ्रष्ट का मंत्र
कैसे तेरा हो सटीक सा कोई उपचार
मजबूर है जनता की चुनी हुई सरकार

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# बीएमसी चुनाव 2026 के सियासी मायने, महायुति के राजनीतिक कौशल को मिली जनस्वीकृति

एक बात और, महायुति के विकास के एजेंडे ने मुम्बई में पहचान की राजनीति को बहुत पीछे छोड़ दिया। खासकर ठाकरे भाइयों (उद्धव-राज) की हार से विपक्षी एकता की कमी उजागर हुई। वहीं चाचा-भतीजा एकता यानी शरद पवार और अजित पवार की एकता भी उनके हक में कोई रंग नहीं दिखा सकी। बीएमसी चुनाव 2026 में भाजपा-शिवसेना (शिंदे) गठबंधन ने ऐतिहासिक जीत हासिल की, जिसमें भाजपा सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी। यह जीत ठाकरे परिवार के तीन दशक पुराने दबदबे को समाप्त करती है। बीएमसी के 227 वार्डों में बहुमत चिह्न 114 है, जहां महायुति 118 वार्डों में विजयी रही। इस चुनाव में भाजपा ने 89 सीटें जीतीं, जबकि शिंदे की शिवसेना को 29 मिलीं, जिससे महायुति गठबंधन को 118 सीटों का बहुमत प्राप्त हुआ। जबकि शिवसेना (यूबीटी) को मात्र 65 सीटें मिलीं, जो अपेक्षाकृत कमजोर प्रदर्शन रहा। वहीं, कांग्रेस को 24, एआईएमआईएम को 8 एनसीपी अजीत पवार को 3, सपा को 2 और एनसीपी शरद पवार को 1 सीट मिली। वहीं, राज्य के अन्य निकायों में भी भाजपा ने 25 में से 29 पर कब्जा जमाया। देखा जाए तो कुल 227 वार्डों में मुंबई की सबसे अमीर निगम या यूं कहें देश के भी सबसे अमीर नगर निगम पर भाजपा नीत गठबंधन का कब्जा हो गया। महाराष्ट्र के नगर निकाय चुनावों, विशेषकर बीएमसी में, भाजपा-शिंदे शिवसेना गठबंधन ने बहुमत हासिल कर बड़ा जीत दर्ज की है। यह परिणाम ठाकरे गुट की लंबी हुकूमत को समाप्त करता है और राज्य की सियासत में महायुति की मजबूती दशार्ता है। वहीं, पहली बार एआईएमआईएम ने अपेक्षाकृत अच्छा प्रदर्शन



किया, जिससे सेक्यूलरों का जनाधार खिसका।

इसके राजनीतिक मायने अहम हैं क्योंकि यह जीत महाराष्ट्र में भाजपा को शहरी राजनीति का 'असली किंग' बनाती है, जो उसके राज्यव्यापी प्रभाव को मजबूत करती है। खास बात यह कि तमाम व्यक्तिगत विरोधाभासों के बावजूद महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शिंदे गुट के साथ गठबंधन करके न केवल मराठी वोटों को विभाजित किया बल्कि उस विपक्ष को पूरी तरह से कमजोर किया, जो विगत तीन दशकों से बीएमसी पर हावी था। एक बात और, महायुति के विकास के एजेंडे ने मुम्बई में पहचान की राजनीति को बहुत पीछे छोड़ दिया। खासकर ठाकरे भाइयों (उद्धव-राज) की हार से विपक्षी एकता की कमी उजागर हुई। वहीं चाचा-भतीजा एकता यानी शरद पवार और अजित पवार की एकता भी उनके हक में कोई रंग नहीं दिखा सकी। वहीं, कांग्रेस को भी कोई खास फायदा नहीं मिला। कुलमिलाकर बिखरे विपक्ष ने महायुति की राह आसान बना दी। देखा जाए तो मराठवाड़ा के वैभव को वापिस पाने के घिसे पिटे मुद्दे पर क्षेत्रीय क्षत्रपों यानी ठाकरे परिवार और पवार परिवार की सियासी एकता भी फुस्स हो गई। इसका महाराष्ट्र की सियासत पर दूरगामी प्रभाव पड़ेगा और अब एकनाथ शिंदे की बारगेनिंग पावर भी बढ़ेगी। हालांकि, देवेंद्र फडणवीस उनकी कितनी सुनेंगे, यह आने वाला वक्त बताएगा। बता दें कि महायुति ने 29 निगमों में व्यापक जीत दर्ज की, जो आगामी विधानसभा चुनावों के लिए मजबूत आधार तैयार करती है। वहीं, मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की नेतृत्व क्षमता को इससे नया बल मिला है, जबकि कांग्रेस और एनसीपी जैसे दल सियासी हाशिए पर सिमट गए। इससे राज्य में 'ट्रिपल इंजन' की सरकार का विस्तार होगा और जनहितकारी कार्य करने में भाजपा नीत महायुति को बल मिलेगा। जहां तक राष्ट्रीय संदर्भ की बात है तो बीएमसी जैसी महत्वपूर्ण जीत भाजपा को राष्ट्रीय स्तर पर शहरी गठबंधनों को मजबूत करने का संदेश देती है। यह 2024 लोकसभा चुनावों के बाद भाजपा की वापसी दशार्ती है, जो विकास-केंद्रित नीतियों पर जोर देती है। वहीं, महाराष्ट्र नगर निकाय चुनाव विपक्ष के लिए यह चेतावनी है कि क्षेत्रीय दलों का विभाजन जारी रहेगा।

इसका राजनीतिक संदेश भी स्पष्ट है। सच कहें तो यह जीत मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की अगुवाई वाली महायुति को भविष्य के विधानसभा और राष्ट्रीय चुनावों के लिए मजबूत आधार देती है। खासकर विकास परियोजनाओं जैसे मेट्रो, कोस्टल रोड और एअरपोर्ट पर जोर ने मतदाताओं को प्रभावित किया। वहीं विपक्षी महाविकास अघाड़ी की हार संगठनात्मक कमजोरी को उजागर करती है। अब बीएमसी पर नियंत्रण से मुंबई में इंफ्रास्ट्रक्चर, शहरी नियोजन और सेवाओं में बदलाव संभव है। यह शहरी महाराष्ट्र में भाजपा के विस्तार को रेखांकित करता है और ठाकरे ब्रांड को पीछे धकेलता है। इससे राज्य स्तर पर महायुति का प्रभुत्व बढ़ेगा।

# चेहरे पर इंस्टेंट ग्लो चाहिए, घर पर बनाएं ये 5 जादुई फेस पैक, पार्टी रेडी स्किन मिनटों में

आज हम आपको 5 ऐसे ही बेस्ट फेस पैक के बारे में बताने जा रहे हैं। इनको फेस पर लगाते ही आपकी स्किन ग्लो करने लगती है। अगर आपको किसी पार्टी में जाना हो या फिर डेट पर जा रही हैं, तो इन फेस पैक्स को लगाने से आपकी स्किन निखरने लगती है। इंस्टेंट ग्लो पाने का सबसे अच्छा तरीका चेहरे पर फेस पैक लगाना है। फेस पैक बनाना आसान होता है और इनको फेस पर लगाना भी आसान है। वहीं सिर्फ 15-20 मिनट में ही इसका असर नजर आने लगता है। लेकिन मार्केट से खरीदे गए फेस पैक्स में कृत्रिम रंग, केमिकल्स और सुगंध होती है। इससे स्किन पर नकारात्मक असर पड़ता है। इसलिए घर पर बने फेस पैक सबसे ज्यादा अच्छे होते हैं। वहीं आजकल सेलिब्रिटीज भी घर पर बने फेस पैक्स को चेहरे पर लगाना पसंद करते हैं।

ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको 5 ऐसे ही बेस्ट फेस पैक के बारे में बताने जा रहे हैं। इनको फेस पर लगाते ही आपकी स्किन ग्लो करने लगती है। अगर आपको किसी पार्टी में जाना हो या फिर डेट पर जा रही हैं, तो इन फेस पैक्स को लगाने से आपकी स्किन निखरने लगती है, जैसे आपने अभी-अभी फेशियल करवाया हो।

**हल्दी का फेसपैक**

हल्दी अपने औषधीय गुणों के लिए जानी जाती है। स्किन को निखारने के लिए दादी-नानी भी अपने समय में हल्दी का इस्तेमाल किया करती थीं। इस फेस पैक में



एंटीऑक्सीडेंट्स पाए जाते हैं। यह स्किन को नुकसान पहुंचाने वाले फ्री रेडिकल्स से दूर रखते हैं। यह फेस पैक बनाने के लिए आधा चम्मच हल्दी लेकर इसमें एक चम्मच गुलाबजल और थोड़ा सा दूध मिला लें। हल्दी से आपका चेहरा पीला न पड़े, इसलिए इस पैक को चेहरे पर 10-15 मिनट लगाने के बाद फेस वॉश कर लें।

**बेसन का फेस पैक**

स्किन को निखारने में बेसन भी कमाल का असर दिखाता है। बेसन के एक्सफोलिएटिंग गुण टैनिंग को दूर करते हैं। वहीं फेस पर जमी डेड स्किन सेल्स को हटाकर त्वचा को ग्लोइंग बनाते हैं। अगर आपका फेस मुरझाया लग रहा है, तो आप इस फेस पैक को लगा सकती हैं। 2 चम्मच बेसन में एक चम्मच दही और थोड़ी सी हल्दी मिलाकर फेस पर 15 मिनट के लिए अप्लाई करें। इससे आपकी स्किन पर नेचुरली ग्लो आएगा।

**मुल्तानी मिट्टी फेस पैक**

फेस से चिपचिपाहट हटाने के लिए आप मुल्तानी मिट्टी का फेस पैक लगा सकती हैं। इस फेस पैक को बनाने के लिए 2 चम्मच मुल्तानी मिट्टी लें और इसमे जरूरत के हिसाब से गुलाबजल मिलाकर पैक तैयार कर लें। इसको फेस पर 15-20 मिनट लगाकर रखें और फिर चेहरे को धो लें। इससे आपके चेहरे पर चिकनाहट नहीं दिखेगी। वहीं यह फेस पैक ऑयली स्किन के लिए अच्छा है।

**टमाटर का फेस पैक**

टमाटर भी टैनिंग को कम करता है। इस फेस पैक से स्किन एक्सफोलिएटिंग गुण मिलते हैं। आप चाहें तो सादा टमाटर भी फेस पर लगा सकते हैं या फिर टमाटर के गूदे में शहद डालकर इस फेस पैक को चेहरे पर अप्लाई करें। इससे आपकी स्किन खिल उठेगी।

**कॉफी का फेस पैक**

जिस तरह से कॉफी इंस्टेंट ली जाती है, उसी तरह से इंस्टेंट ग्लो के लिए भी आप कॉफी का फेस पैक बनाकर लगा सकती हैं। इस फेस पैक को बनाने के लिए 2 चम्मच कॉफी पाउडर जरूरत के हिसाब थोड़ी सी हल्दी और शहद मिलाएं।

फिर इस पैक को चेहरे पर लगाकर 15 मिनट बाद धो लें। इस फेस पैक लगाते समय ध्यान रखें कि आप हल्के गीले चेहरे पर इसको लगाएं, इससे लगाना आसान होगा। वहीं फेस वॉश करते समय ज्यादा तेज से स्किन को न रगड़ें, क्योंकि कॉफी स्किन को एक्सफोलिएट करता है और रगड़ने से त्वचा पर कट्स लग सकते हैं।

# जेब पर भारी नहीं पड़ेगा महाबलेश्वर-लोनावला का टूर

आप भी कुछ दिनों की भागदौड़ से ब्रेक लेकर महाबलेश्वर और लोनावाला हिल स्टेशन को एक्सप्लोर कर सकते हैं। आप यहां पर शांति और सुकून के पल बिता सकते हैं। अगर आप भी महाबलेश्वर और लोनावला दोनों ही एक ट्रिप में एक्सप्लोर करना चाहते हैं, तो आज हम आपको इस ट्रिप के बारे में जानकारी देने जा रहे हैं। महाराष्ट्र के दो बेहद खूबसूरत हिल स्टेशन लोनावला और महाबलेश्वर हैं। यह दोनों हिल स्टेशन हर मौसम में पर्यटकों को आकर्षित करते हैं। गर्मी हो या मानसून आप किसी भी मौसम में लोनावला और महाबलेश्वर घूमने जा सकते हैं। यह दोनों ही हिल स्टेशन प्रकृति की गोद में समाए हैं। यहां पहुंचकर आप सुकून महसूस कर सकते हैं। यह दोनों ही जगहें बजट फ्रेंडली ट्रिप के लिए बेहतरीन है। अगर आप भी प्रकृति के बीच शांति और थोड़ा सा एडवेंचर करना चाहते हैं, तो आपको महाबलेश्वर और लोनावला ट्रिप एकदम परफेक्ट है।

ऐसे में आप भी कुछ दिनों की भागदौड़ से ब्रेक लेकर इन दोनों हिल स्टेशन को एक्सप्लोर कर सकते हैं। साथ ही आप यहां पर शांति और सुकून के



पल बिता सकते हैं। अगर आप भी महाबलेश्वर और लोनावला दोनों ही एक ट्रिप में एक्सप्लोर करना चाहते हैं, तो आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको इस ट्रिप के बारे में जानकारी देने जा रहे हैं।

**ट्रिप प्लान**

अगर आप भी महाबलेश्वर और लोनावला दोनों हिल स्टेशन को एक्सप्लोर करना चाहते हैं, तो बता दें कि दोनों जगहों की सैर के लिए चार से पांच दिन की ट्रिप काफी है।

**ऐसे पहुंचें**

इन हिल स्टेशनों तक जाने के लिए आप मुंबई या पुणे से यात्रा शुरूकर सकते हैं। मुंबई या पुणे से लोनावला सिर्फ 2 घंटे की दूरी पर है। बस, ट्रेन और कार आप तीनों से ही यहां आसानी से पहुंच सकते हैं। वहीं अगर आप पुणे से महाबलेश्वर की यात्रा कर रहे हैं, तो आप बस या फिर प्राइवेट टैक्सी के करिए 120 किमी का सफर तय कर सकते हैं। वहीं मुंबई से महाबलेश्वर की दूरी करीब 260 किमी है।

**लोनावला में घूमने की जगहें**

मानसून में लोनावला की गए हैं तो आपको भूशी डैम जरूर जाना चाहिए। वहीं बेहतरीन सनसेट व्यू पॉइंट देखने के लिए टाइगर पॉइंट जा सकते हैं। अगर आप भी ट्रैकिंग लवर्स हैं, तो राजमाची फोर्ट बेहतरीन जगह है। वहीं आप लोनावला की ऐतिहासिक बौद्ध गुफाएं कार्ला और भाजा केव्स स्थित है। इसके साथ ही आप पावना झील और लोहेगढ़ किला देखने जा सकते हैं।

**महाबलेश्वर पर्यटन स्थल**

महाबलेश्वर की शानदार वादियों का नजारा देखने के लिए आप अरथर सीट पॉइंट को एक्सप्लोर करें। नौकाविहार और खूबसूरत फोटोशूट के लिए वीना लेक जाएं। इसके अलावा महाबलेश्वर मंदिर और एलिफेंट हेड पॉइंट जा सकते हैं। वहीं फिल्मों में दिखने वाले खूबसूरत नजारों का सामने से लुत्फ उठाने के लिए पंचगनीकी टेबललैंड जरूर जाएं।

**ट्रिप का खर्च**

बता दें कि लोनावला में एक हजार से दो हजार रुपए में प्रति रात के लिए अच्छा होम स्टे या होटल मिल जाएगा। वहीं महाबलेश्वर में लॉज, होटल या रिसॉर्ट्स में स्टे के लिए डेढ़ से ढाई हजार रुपए के करीब खर्चा आ सकता है। कम पैसों में स्टे के लिए आप ऑफ-सीजन में ऑनलाइन बुकिंग से भी सस्ते दामों में रुकने का मौका मिल सकता है। इन जगहों पर आने के लिए स्थानीय परिवहन पर करीब 2000-3000 रुपए का खर्च आ सकता है। वहीं इस दौरान 3-4 दिन रुकने के लिए आपको करीब 5000 रुपए तक खर्च करने पड़ सकते हैं। वहीं पर्यटन स्थलों के टिकट्स और खानपान पर करीब 2000 रुपए का खर्च आ सकता है। इस ट्रिप के लिए प्रति व्यक्ति कुल अनुमानित खर्च 6000-8000 रुपए हो सकता है।

# मौनी अमावस्या पर सीता रसोई ने किया भंडारे का आयोजन

वेलकम इंडिया




**मुरादाबाद** : महानगर मुरादाबाद में सीता रसोई के द्वारा मौनी अमावस्या पर भंडारे का आयोजन किया गया। अध्यक्ष उदयभान सिंह ने बताया कि सीता रसोई के द्वारा निरंतर निशुल्क भोजन सेवा की जाती है जिसमें चलते-फिरते राजगीरों को भोजन करवाया जाता है और जरूरतमंद जनों को भरपेट भोजन की सुविधा सीता रसोई पर उपलब्ध है और कोई भी व्यक्ति अपने वैवाहिक वर्षगांठ अपने प्रिय जनों की पुण्यतिथि या जन्मदिवस के अवसर पर भी सीता रसोई के माध्यम से चलते-फिरते राहगीरों को जरूरतमंद जनों को अभावग्रस्त जनों को भोजन वितरण करवा सकता है इसी क्रम में मौनी अमावस्या का पावन पर्व था जो सीता रसोई के द्वारा बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। लगभग 600 लोगों को भंडारे में भोजन करवाया गया। भंडारे में भोजन की व्यवस्था में सहयोग गीतिका गर्ग, यशिका गर्ग एवं गरिमा अग्रवाल के परिवार के द्वारा पूरी सब्जी और हलवे का वितरण किया गया। दिल्ली रोड पर लगे हुए पंडाल में सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु पहुंच करके भोजन प्रसाद ग्रहण किया। उदय भान सिंह ने यह भी बताया कि सीता रसोई निरंतर 11 वर्षों से काम करती आ रही है जो अनेकों अनेक सामाजिक सेवाएं करती है इसमें किसी भी प्रकार का सरकारी सहयोग नहीं लिया जाता है यह सारा अनुदान सामाजिक सहयोग से चलता रहता है। वितरण की व्यवस्था में राकेश कुमार वर्मा, धर्म प्रकाश शर्मा, शिवम कुमार गुप्ता, दीपिका गुप्ता, धीरज गुप्ता, संजीव शर्मा, सुधांशु कौशिक, विवेक पांडे, दीपक गुप्ता, ह्रदय कुमार सिंह, शरद गुप्ता, जूही माथुर, सुप्रीत सिंह, छाया गुप्ता, जीवन लता शर्मा, डॉ प्रदीप शर्मा, बिजनौर टाइम्स के ब्यूरो चीफ सुशील कुमार शर्मा , महानगर प्रभारी प्रेम प्रकाश सक्सेना, नरेश अरोड़ा, सुनील कपूर, पवन कपूर, जूही शर्मा, रूपचंद मित्तल, सत्य प्रकाश वार्ष्णेय, शशांक वार्ष्णेय, सुनील कुमार शर्मा सहित समस्त सीता रसोई परिवार के लोगों ने उपस्थित होकर के अपनी सेवाएं प्रदान की।

# विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत विशेष दिवस पर डीएम ने विभिन्न बूथों का किया निरीक्षण

वेलकम इंडिया



बुलंदशहर मा0 भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत रविवार को विशेष अभियान दिवस पर सभी बूथों पर बीएलओ के द्वारा मतदाता सूची सहित उपस्थित रहकर मतदाता बनने से छूटे मतदाता एवं नाम संशोधन आदि की कार्रवाई कर रहे हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी श्रुति ने सर्वप्रथम बुलंदशहर विधानसभा के डीएवी इंटर कॉलेज में बूथ संख्या 221 से 230 एवं मुस्लिम डिग्री कॉलेज में 04 बूथ एवं शिकारपुर विधानसभा क्षेत्र के जटपुरा इंटर कॉलेज में 02, नेशनल इंटर कॉलेज में 137 से 141, शम्भुनाथ इंटर कॉलेज में बूथ संख्या 152 से 156 तथा विधानसभा खुर्जा क्षेत्र रिफाहेआम इंटर कॉलेज में 207 से 218 बूथों का स्थलीय निरीक्षण करते हुए बीएलओ द्वारा संबंधित प्रपत्रों को भरवाकर मतदाता सूची में नाम जोड़ने एवं संशोधन करने की कार्रवाई करते पाया गया। सभी बूथों पर सुपरवाइजर उपस्थित मिले।

मतदाता सूची में नए मतदाताओं को जोड़ने एवं संशोधन कराने के लिए आये मतदाताओं से भी वार्ता करते हुए जिलाधिकारी महोदया ने अपील करते हुए कहा कि सभी बीएलओ अपने-अपने बूथों पर मतदाता सूची सहित आवश्यक प्रपत्रों के साथ उपस्थित रहकर कार्य कर रहे है। ऐसे मतदाता जिनका वोट नहीं बना है अथवा नाम संशोधन आदि कोई समस्या है तो वह बीएलओ के पास जाकर संबंधित प्रपत्र को भरकर अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज करा सकते हैं। एसआईआर की प्रक्रिया को मा0 निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार कराया जा रहा है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वि0रा0 अभिषेक सिंह, उप जिलाधिकारी सदर, उप जिलाधिकारी खुर्जा सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# भाजपा कार्यकर्ताओ ने घर घर सम्पर्क कर नये वोट बनवाये



वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा

**नूरपुर**। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओ ने विशेष मतदाता पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर) के निमित्त नूरपुर नगर के शक्तिकेंद्र बीरबलपुर के बूथ संख्या 233 पर बूथ प्रवासी जिला सहकारी बैंक चेयरमैन बिजनौर दिनेश चौधरी के साथ मंडल अध्यक्ष निशांत कर्णवाल ने उपस्थित रहकर बूथ की समीक्षा की और नए वोट बनवाने के लिए फॉर्म 6 भरने की जानकारी उपलब्ध कराकर 18 वर्ष पूर्ण कर चुके युवाओ के वोट वनवाये। इस मौके पर मंडल महामन्त्री वीर प्रकाश भुइयार, उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार राणा, मंडल मन्त्री राहुल यादव, सतीश कुमार, सैक्टर संयोजक राहुल प्रजापत, बूथ अध्यक्ष मंदीप चौधरी, बत्तू सिंह प्रधान आदि मौजूद रहे।

# शेखपुरा कदीम पुलिस चौकी प्रभारी नरेन्द्र भड़ाना ने पुलिस चौकी पर मीटिंग कर लोगों को किया जागरूक

वेलकम इंडिया, राजीव चौधरी



**सहारनपुर**। एसएसपी आशीष तिवारी के दिशा निर्देश एवं एसपी ग्रामीण सागर जैन के कुशल नेतृत्व मे थाना कोतवाली देहात क्षेत्र शेखपुरा कदीम पुलिस चौकी प्रभारी नरेन्द्र भड़ाना द्वारा साइबर ठगी से बचाव हेतु किया गया जागरूकता मीटिंग का आयोजन गणमान्य लोगो को किया गया जागरूक शेखपुरा चौकी प्रभारी नरेद्र भड़ाना ने गणमान्य लोगो की साथ बैठक मे बताया की आज डिजिटल युग में साइबर ठगी एक गंभीर समस्या बनती जा रही हैं।

बैठक के दौरान नागरिकों को डिजिटल ठगी के विभिन्न तरीकों, जैसे फर्जी कॉल, ओटीपी/लिंक फ्रॉड, ऑनलाइन लेनदेन में सावधानी, सोशल मीडिया धोखाधड़ी आदि के बारे में जानकारी दी गई तथा उनसे बचाव के उपाय समझाए गए। चौकी प्रभारी नरेंद्र भड़ाना द्वारा महत्वपूर्ण जानकारी नागरिकों को दी गई। किसी को भी ओटीपी, पिन या बैंक विवरण साझा न करें। अनजान कॉल, मैसेज या लिंक पर भरोसा न करें। फर्जी डिजिटल अरेस्ट व सरकारी अधिकारी बनकर ठगी करने वालों से सतर्क रहे।

# मंडी समिति में खिचड़ी प्रसाद वितरण किया



वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा

**चांदपुर** : गुड मंडी समिति परिसर में मकर संक्रांति के उपलक्ष में खिचड़ी प्रसाद का वितरण हुआ। जिसमें सभी व्यापारी गण ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। जिसमें व्यापारी शैलेंद्र सिंह, विमल अग्रवाल, वीरेंद्र राजपूत, आशु गोयल, सुबोध गुप्ता, अजय मित्तल, विशाल गोयल, कपिल गोयल, लकी गोयल, राहुल अग्रवाल, सुशील गुप्ता, वासु गोयल, विवेक चौधरी, गौरव चौधरी, पवन अग्रवाल, हरिओम अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, संदीप कौशिक, योगेश शर्मा, पंकज अग्रवाल, पंकज सिंह, उदित गुप्ता, अरविंद जोशी, प्रदीप ठाकुर, उदराज सिंह, टीटू सिंह, अमरकांत शर्मा, अखिलेश कुमार निखिल अग्रवाल पुरुषोत्तम सिंह आदि सभी का सहयोग रहा।

# डीएम व एसएसपी ने संयुक्त रूप से थाना रामघाट क्षेत्र में नवनिर्मित गंगाघाट चौकी का किया उद्घाटन

वेलकम इंडिया



**रामघाट/बुलन्दशहर**/ थाना रामघाट क्षेत्र के अंतर्गत नवनिर्मित गंगाघाट पुलिस चौकी का जिलाधिकारी श्रुति एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर विधिवत रूप से उद्घाटन किया। उद्घाटन समारोह में क्षेत्रीय सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने पर जोर दिया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी एवं एसएसपी ने चौकी परिसर का निरीक्षण किया तथा उपस्थित अधिकारियों को आमजन की सुरक्षा, कानून-व्यवस्था बनाए रखने एवं संवेदनशील क्षेत्रों में सतर्कता बढ़ाने के निर्देश दिए। कार्यक्रम के दौरान ग्राम चौकीदारों को कंबल वितरित किए गए, जिससे शीत ऋतु में उन्हें राहत मिल सके।

चौकी के निर्माण में रामघाट निवासी डॉक्टर सुरेंद्रानंद गिरि महाराज महामंडलेश्वर के नेतृत्व में विशेष सहयोग के साथ रामघाट थाना प्रभारी संदीप सिंह सहित मय पुलिस स्टाफ कर्मचारीगण क्षेत्रीय जनता के सहयोग से पुलिस चौकी जीणोद्धार का निर्माण किया गया है। इस पुलिस चौकी में करीब 10 गांवों को जोड़कर जिम्मेदारी दी गई है नव निर्माण पुलिस चौकी प्रभारी आशीष कुमार को बनाया गया है जिनका हिमांशु शर्मा सहित ग्रामीणों ने फूल माला पहनाकर का स्वागत किया गया। उद्घाटन समारोह में एसपी देहात डॉ. तेजवीर सिंह, क्षेत्राधिकारी प्रखर पांडेय, सीओ सिटी बुलंदशहर पुलिस क्षेत्राधिकारी मधुप कुमार सिंह व कोतवाली प्रभारी रवि रतन डिबाई गंगा प्रसाद आर्य थाना प्रभारी नरौरा रामघाट थाना प्रभारी संदीप सिंह एसएसआई ऋषिपाल चौधरी हरिशंकर मरजात सिंह ऋषिपाल सिंह मनोज कुमार कृष्णपाल सिंह संजीत सिंह हैंड कांस्टेबल मोहित कुमार अभयराम नरेंद्र कुमार हरीश कुमार ध्रुव कुमार श्यामवीर सिंह मय पुलिस स्टाप सहित तथा संबंधित अधिकारी एवं ग्राम प्रधान प्रतिनिधि लक्ष्मन शर्मा हिमांशु शर्मा शिवम भारद्वाज सरवन सिंह व योगेश भारद्वाज सत्येंद्र शर्मा संजय उपाध्याय पत्रकार सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

# विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन



वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा

**नूरपुर**। विराट हिंदू सम्मेलन परी गार्डन बैंकट हॉल में आयोजित किया गया। विराट हिंदू सम्मेलन का कार्यक्रम भारत माता के आगे दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ पवन अग्रवाल ने की। जिसमें मुख्य वक्ता कुलदीप आर्य भारतीय संस्कृति पर प्रशांत महर्षि पांच परिवर्तन पर, जोगेंद्र दत्त संघ की 100 वर्ष की यात्रा पर बौद्धिक रहा। कार्यक्रम के उपरांत भोजन भी व्यवस्था रही।

# माय भारत केंद्र बागपत ने किया बली गांव में ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का भव्य आयोजन

वेलकम इंडिया



**बागपत, उत्तर प्रदेश**। विवेक जैन। माय भारत केंद्र बागपत के तत्वावधान में ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का भव्य आयोजन ग्राम बली मेवला स्थित शहीद स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स मैदान में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में बागपत एवं खेकड़ा ब्लॉक के युवाओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग करते हुए अपनी खेल प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शेरसिंह गुर्जर जिला महामंत्री युवा मोर्चा भाजपा रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में महामहिम राष्ट्रपति जी व उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सम्मानित वरिष्ठ पत्रकार और इंटरनेशनल अवार्डी विपुल जैन एवं सरदार पटेल इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य नवाब सिंह जी ने शिरकत की। प्रतियोगिता के अंतर्गत आयोजित एथलेटिक्स स्पधाओं में 200 मीटर दौड़ में ईशू ने प्रथम स्थान, प्रियांशी ने द्वितीय स्थान तथा मीनाक्षी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं 1600 मीटर दौड़ में कवि ने प्रथम, अनमोल ने द्वितीय एवं आकाश ने तृतीय स्थान हासिल कर दर्शकों की सराहना बटोरी। टीम खेलों में बालक वर्ग की वॉलीबॉल प्रतियोगिता में धामा क्लब ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि परशुराम क्लब खेड़की द्वितीय स्थान पर रहा। बालिका वर्ग की कबड्डी प्रतियोगिता में बागपत टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं बली मेवला टीम ने द्वितीय स्थान हासिल किया। कार्यक्रम का सफल संचालन सुषमा त्यागी द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में प्रशिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। एथलेटिक्स कोच के रूप में धर्मेन्द्र, प्रवेश कुमार, संजीव कुमार, पंकज एवं अनुज तोमर ने विभिन्न खेलों में सहयोग किया, जबकि वॉलीबॉल कोच के रूप में नीतीश भारद्वाज ने खिलाड़ियों को तकनीकी जानकारी प्रदान की। आयोजन को सफल बनाने में स्वयंसेवकों पवित्रा धामा, दानिश मलिक, गुलफ्शा, शिवम सहित अनेकों युवाओं ने सराहनीय योगदान दिया। अंत में विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को अतिथियों द्वारा पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। आयोजन समिति ने सभी प्रतिभागियों, प्रशिक्षकों, स्वयंसेवकों एवं ग्रामवासियों का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी इस प्रकार की खेल प्रतियोगिताओं को निरंतर आयोजित करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

# आर्मी डे पर कैडेट्स ने किया परेड का आयोजन हुआ

वेलकम इंडिया




**आगरा**:-एनसीसी आर्मी विंग, आगरा कॉलेज के तत्वावधान में इंडियन आर्मी डे का आयोजन किया, जिसमें कैडेट्स ने ड्रम की थाप पर शानदार ड्रिल का प्रदर्शन किया। ड्रिल का नेतृत्व सार्जेंट ह्रदय शर्मा ने किया। इस दौरान कैडेट्स ने परिसर में विचार गोष्ठी का भी आयोजन किया, जिसमें भारतीय सेना के शौर्य एवं पराक्रम का स्मरण करते हुए सैनिकों के सर्वोच्च बलिदान को नमन किया।

गोष्ठी में उपस्थित कैडेट्स को संबोधित करते हुए कंपनी कमांडर कैप्टन अमित अग्रवाल ने कहा कि भारतीय सेना विश्व की सर्वोत्तम सेनाओं में से एक है। इसके शौर्य और बलिदान की अनेक गाथाएं हैं। भारत का सैनिक ?एक गोली एक दुश्मन? के सिद्धांत पर दुश्मन का सफाया करता है। गोष्ठी में बोलते हुए वन यूपी वाहिनी एनसीसी के हवलदार मोहेंदर कुमार ने भारतीय सेना के जवान और अधिकारियों को विपरीत परिस्थितियों में भी डटकर दुश्मन का मुकाबला करने वाला साहसी और उच्च बलिदानी बताया। उन्होंने सियाचिन में अपनी पोस्टिंग के दौरान आए अनुभवों को भी कैडेट्स के साथ साझा किया। कैडेट प्राची ने परमवीर चक्र विजेता वीर अब्दुल हमीद, कैडेट शगुन ने ग्रेनेडियर योगेंद्र सिंह यादव, कैडेट प्रिया ने कैप्टन विक्रम बत्रा, कैडेट ऋषभ ने मेजर सोमनाथ शर्मा, कैडेट नीरज ने नायब सूबेदार बना सिंह, कैडेट प्रवीण ने मेजर शैतान सिंह आदि वीर शहीदों के साहस, बलिदान और पराक्रम की चर्चा की। गोष्ठी का संचालन सार्जेंट समायरा सिंह ने किया। एसयूओ मनोज जुरैल ने अतिथियों का स्वागत तथा यूओ यामिनी चाहर ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सार्जेंट प्रिया चाहर, सार्जेंट हिमांशु सिंह, सार्जेंट अरविंद, कैडेट सूर्यांश, सक्षम, संदीप, ऋषभ, संजना, प्रियंका, कृति, अदिति, अनुश्री, रिहान कृष्णश, प्रथम, हर्षित, करण, देवांग, नीरज, संदीप अरुण, हर्ष, प्रवीन, मयंक आदि कैडेट्स उपस्थित थे। कैडेट्स ने भारतीय सेना जिंदाबाद, भारत माता की जय, वंदे मातरम् आदि नारे लगाए।

# स्मार्ट सिटी का दावा और जमीनी हकीकत: शर्मा नगर का सेमी अंडरग्राउंड कूड़ेदान बना गंदगी का अड्डा

वेलकम इंडिया/उज्जवल रस्तौगी



**मेरठ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ड्रीम प्रोजेक्ट स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित करने के दावे लगातार किए जा रहे हैं, लेकिन जमीनी हकीकत इन दावों की पोल खोलती नजर आ रही है। शहर के पॉश इलाकों में गिने जाने वाले शर्मा नगर में स्थित सेमी अंडरग्राउंड कूड़ेदान की हालत किसी स्लम क्षेत्र से भी बदतर हो चुकी है।

तस्वीरों में साफ देखा जा सकता है कि कूड़ेदान पूरी तरह भर चुका है और कूड़ा बाहर सड़कों पर बिखरा पड़ा है। प्लास्टिक, खाने का कचरा, कागज, डिस्पोजल प्लेटें और गंदगी के ढेर से न केवल दुर्गंध फैल रही है, बल्कि बीमारी फैलने का खतरा भी मंडरा रहा है। आसपास लगे बैठने के लिए बनाए गए बेंच भी कूड़े से घिरे हुए हैं, जिससे आम नागरिकों का वहां बैठना तक मुश्किल हो गया है।

12 लाख की लागत, फिर भी बदहाल व्यवस्था गौरतलब है कि जागृति फाउंडेशन द्वारा करीब 12 लाख रुपए की लागत से पूरे मेरठ शहर में 17 सेमी अंडरग्राउंड कूड़ेदान लगाए गए थे। शुरूआती दौर में इन कूड़ेदानों का संचालन और सफाई व्यवस्था ठीक-ठाक रही, लेकिन बाद में नगर निगम मेरठ की लापरवाही के चलते यह महत्वाकांक्षी योजना दम तोड़ती नजर आ रही है।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि अब इन कूड़ेदानों से नियमित कूड़ा उठान नहीं हो रहा, जिसके कारण कूड़ा बाहर फैल रहा है और क्षेत्र में गंदगी बढ़ती जा रही है। यह स्थिति साफ तौर पर नगर निगम की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करती है।

### शौचालय बने, पर सफाई नदारद


स्मार्ट सिटी योजना के तहत शहर में कई सार्वजनिक शौचालयों का निर्माण भी कराया गया, लेकिन उनकी सफाई व्यवस्था भी भगवान भरोसे है। लोगों का कहना है कि शौचालयों में नियमित सफाई नहीं होने से लोग उनका उपयोग करने से कतराने लगे हैं, जिससे खुले में गंदगी फैलने की समस्या और बढ़ रही है।

### निगम की अनदेखी से बढ़ रहा जनआक्रोश

स्थानीय निवासियों का कहना है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद नगर निगम की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। स्मार्ट सिटी के नाम पर करोड़ों रुपए खर्च किए जा रहे हैं, लेकिन बुनियादी सुविधाओं की यह बदहाली सरकार और प्रशासन के दावों को खोखला साबित कर रही है।
अब सवाल यह उठता है कि जब शहर के प्रमुख इलाकों में ही यह हाल है, तो बाकी मेरठ की स्थिति क्या होगी? अगर जल्द ही इस ओर ध्यान नहीं दिया गया, तो स्मार्ट सिटी का सपना केवल फाइलों और पोस्टरों तक ही सिमट कर रह जाएगा।

# लेखक राघवेश अस्थाना की किताब इम्मॉर्टेलिटी वर्ल्ड बुक फेयर में लॉन्च हुई

वेलकम इंडिया/एहसान अंसारी



**नई दिल्ली।** दिल्ली के भारत मंडपम में वर्ल्ड बुक फेयर 2026 का आयोजन हुआ, जिसका उद्घाटन केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने किया। यह 10 जनवरी से 18 जनवरी तक चला। इसका मुख्य विषय भारतीय सेना का इतिहास, ₹शौर्य प्रज्ञा 75₹ था, जिसमें भारतीय सेना के ज्ञान और वीरता को दिखाया गया। शनिवार, 17 जनवरी को, महुआ नेटवर्क के मैनेजिंग डायरेक्टर और लेखक राघवेश अस्थाना की किताब ₹इम्मॉर्टेलिटी₹ को इंडिया नेटबुक्स द्वारा लॉन्च किया गया। यह किताब, जो मूल रूप से 2025 में वर्ल्ड बुक फेयर में हिंदी में लॉन्च हुई थी, ने दुनिया भर में काफी ध्यान आकर्षित किया था और खासकर युवाओं की तरफ से इसके इंग्लिश वर्जन की लगातार मांग थी।

17 जनवरी को ₹इम्मॉर्टेलिटी₹ किताब के लॉन्च पर कई प्रमुख और सम्मानित हस्तियां मौजूद थीं। जाने-माने समाज सेवक और डॉ. संजीव कुमार ने कहा कि जब ₹इम्मॉर्टेलिटी₹ किताब लॉन्च हुई, तो यह लोगों को तुरंत पसंद आ गई। उन्होंने इसे जीवन के कई रहस्यों के लिए एक गाइड बताया, जो जीवन की मुश्किलों से जूझ रहे लोगों को एक रास्ता दिखाती है, उन्हें उम्मीद और नई ऊर्जा देती है। किताब लॉन्च पर मीडिया से बात करते हुए राघवेश अस्थाना ने कहा कि जब 2025 में ₹इम्मॉर्टेलिटी₹ लॉन्च हुई थी, तो इसे दुनिया भर के लोगों से बहुत प्यार मिला था, और युवा पीढ़ी की तरफ से लगातार इंग्लिश वर्जन की मांग थी। इसी प्यार और मांग को देखते हुए, आज ₹इम्मॉर्टेलिटी₹ का इंग्लिश वर्जन लॉन्च किया गया है।

## सार संक्षेप

### दर्जनों जरूरतमंदों को वितरित किए मंडल अध्यक्ष ने कंबल



**माल।** अमृत विचार:माल के गहदो में स्थित जेएमएस पब्लिक स्कूल में भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष नेकपाल यादव ने चार दर्जन से अधिक जरुरतमंदों को कंबल वितरण किए। क्षेत्र में लगातार तापमान गिरने से ठंड का प्रकोप दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है ।बढ़ती सर्दी के कारण लोग घरों में दुबके रहने को मजबूर हैं। सुबह करीब आठ बजे के बाद ही लोग घरों से बाहर निकल पा रहे हैं। कड़ाके की ठंड में गरीब, मजदूर और असहाय लोगों की परेशानियों को देखते हुए मंडल अध्यक्ष नेकपाल यादव ने चार दर्जन से अधिक जरुरतमंदों को कंबल वितरण किया। इस दौरान नेकपाल यादव ने कहा कि गरीबों की सेवा ईश्वर सेवा होती है, यही मानकर गरीबों को कंबल वितरण किया जा रहा है। बताया कि आगे भी यह कार्य जारी रहेगा।

### पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में पैदल गश्त व चेकिंग अभियान



**हापुड़।** जनपद हापुड़ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद में अपराध नियंत्रण, शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से क्षेत्राधिकारी सिटी वरुण मिश्रा तथा थाना प्रभारी हापुड़ विनोद पांडे द्वारा मय पुलिस बल अपने-अपने क्षेत्रों में महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों, बाजारों एवं प्रमुख मार्गों पर पैदल गश्त की जा रही है इस दौरान संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की गहन चेकिंग की जा रही है तथा आमजन से संवाद स्थापित कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया जा रहा है।

### ऑपरेशन तलाश अभियान के अंतर्गत 04 वारंटी गिरफ्तार



वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह

**हापुड़।** जनपद में अपराध की रोकथाम एवं वारंटी/वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे ऑपरेशन तलाश अभियान के अंतर्गत थाना हापुड़ नगर पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है ।थाना हापुड़ नगर पुलिस द्वारा न्यायालय से निर्गत वारंटों के अनुपालन में कार्रवाई करते हुए 04 वारंटियों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों के विरुद्ध नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है ।गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक आशीष रस्तोगी, उप निरीक्षक सुमित कुमार, उप निरीक्षक बालेंद्र सिंह एवं उप निरीक्षक रोहित कुमार शामिल रहे। हापुड़ पुलिस जनपद में कानून व्यवस्था बनाए रखने एवं अपराधियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के लिए लगातार प्रयासरत है।

### मुंहपक्का रोग से आधा दर्जन पशुओं की मौत

**बुगरासी।** विकासखंड ऊंचागाव क्षेत्र के गांव फरीदा बांगर में खुरपका-मुंहपका रोग पशुओं में फैलने से पशु की मौत हो गई। पिछले दो तीन दिनों में करीब आधा दर्जन पशुओं की मौत हो चुकी है। जिससे पशुपालको में चिंता का विषय बन गया है। ग्रामीणों के अनुसार, पशुओं में अचानक मुंह में छाले, अत्याधिक लार गिरना और खुर गलने जैसे लक्षण दिखाई देने लगे। देखते ही देखते बीमारी ने विकराल रूप ले लिया है। जिससे कई दुधारू पशुओं ने दम तोड़ दिया है। पशुओं की लगातार मौत से किसानों को भारी आर्थिक नुकसान हो रहा है ।भीम सिंह पुत्र रामबख्श के तीन पशुओं की मौत, तिमर सिंह पुत्र चरन सिंह के एक व मुंशी पुत्र चंद्रपाल के पशु की मौत हो गई।

# खाली मकान में बना लिया मदरसा, पढ़ी जा रही थी सामूहिक नमाज, 12 हिरासत में

वेलकम इंडिया/खालिद खान

**बरेली।** बिशारतगंज क्षेत्र के मोहम्मदगंज गांव में एक खाली पड़े मकान के अंदर सामूहिक नमाज पढ़े जाने की जानकारी सामने आई। बताया जा रहा है कि इस मकान को अस्थायी मदरसा बनाकर कई जुम्मों से नमाज अदा की जा रही थी, जिसकी भनक लगते ही गांव में तनाव की स्थिति बन गई। गांव के कुछ लोगों ने इस गतिविधि पर आपत्ति जताई और इसे नियमों के खिलाफ बताया। जब आपत्ति के बावजूद नमाज पढ़ने का सिलसिला नहीं रुका, तो ग्रामीणों ने इसकी शिकायत पुलिस से कर दी। इसके बाद पुलिस ने तत्काल कार्रवाई का फैसला लिया। सूचना मिलते ही बिशारतगंज पुलिस आनन-फानन में मोहम्मदगंज गांव पहुंची। मौके पर पुलिस ने देखा कि हनीफ के खाली पड़े मकान के अंदर कई लोग एकत्र होकर सामूहिक नमाज अदा कर रहे थे। पुलिस को देखकर वहां अफरा-तफरी का माहौल बन गया। पुलिस कार्रवाई के दौरान नमाज पढ़ रहे 12 लोगों को हिरासत में लिया गया, जबकि तीन लोग मौके से फरार हो गए। पुलिस ने सभी से घर में सामूहिक नमाज पढ़ने से संबंधित लिखित अनुमति मांगी, लेकिन कोई भी वैध कागजात पेश नहीं कर सका। लिखित अनुमति न मिलने पर पुलिस ने सभी 12 लोगों का शांति भंग की धाराओं में चालान कर दिया। शनिवार को सभी आरोपियों को मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया गया, जहां से उन्हें जमानत मिल गई। वहीं, फरार तीन लोगों की तलाश में पुलिस जुटी हुई है। इस पूरे घटनाक्रम से जुड़ा एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है, जिसमें खाली मकान के अंदर सामूहिक नमाज अदा करते लोग साफ दिखाई दे रहे हैं।

# एसआईआर अभियान को लेकर डीएम ने बूथों का किया निरीक्षण



वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह

**हापुड़।** जनपद में चल रहे एसआईआर अभियान के अंतर्गत जिलाधिकारी अभिषेक पांडे ने विभिन्न मतदान बूथों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बूथों पर की जा रही व्यवस्थाओं, अभिलेखों की स्थिति एवं संपूर्ण कार्यप्रणाली का गहन अवलोकन किया ।जिलाधिकारी ने बूथ लेवल अधिकारियों एसआईआर से रकफ अभियान के तहत किए जा रहे कार्यों की जानकारी प्राप्त की तथा मतदाता सूची के अद्यतन, नए मतदाताओं के पंजीकरण, नाम संशोधन एवं विलोपन से संबंधित कार्यों को निर्धारित समयसीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि किसी भी पात्र मतदाता का नाम सूची से छूटने न पाए तथा कार्य में पूर्ण पारदर्शिता एवं शुद्धता सुनिश्चित की जाए। साथ ही आम नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए बूथों पर आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि रकफ अभियान लोकतांत्रिक व्यवस्था की मजबूती के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसलिए सभी संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी पूरी जिम्मेदारी, निष्ठा एवं गंभीरता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें।

# मिजार्पुर गांव में कांग्रेस ने लगाई मनरेगा बचाओ चौपाल, मजदूरो के अधिकारों पर हुई चर्चा

**बुलंदशहर।** कांग्रेस के देशव्यापी मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत बुलंदशहर ब्लॉक के गांव मिजार्पुर में कांग्रेस जिलाध्यक्ष जियाउर्रहमान ने चौपाल लगाकर ग्रामीणों और मनरेगा मजदूरों से संवाद किया। इस दौरान मनरेगा का नाम बदलने तथा कानून में किए गए नए प्रावधानों पर विस्तार से चर्चा की गई। चौपाल में ग्रामीण गजेंद्र सिंह और हुबलाल ने बताया कि मनरेगा कानून से मजदूरों और गरीब परिवारों को रोजगार की गारंटी मिली थी, जिससे उनकी आजीविका चलती थी। लेकिन मोदी सरकार द्वारा किए जा रहे बदलावों से मनरेगा को कमजोर किया जा रहा है और मजदूरों के साथ अन्याय हो रहा है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष जियाउर्रहमान ने कहा कि राम के नाम का सहारा लेकर भारतीय जनता पार्टी और नरेंद्र मोदी की सरकार भ्रम फैला रही है तथा गरीबों और मजदूरों के अधिकारों पर डाका डाल रही है।

# मोहिनी कृष्ण दासी के भजनों से गूंज उठा सुदामा शताब्दी समारोह

वेलकम इंडिया



**मथुरा/वृंदावन।** सुदामा कुटी के संस्थापक संत सुदामा दास महाराज के वृंदावन आगमन के एक शतक पूर्ण होने के उपलक्ष्य में कुंभ मेला क्षेत्र में चल रहे शताब्दी महोत्सव में वृंदावन की सुप्रसिद्ध भजन गायिका मोहिनी कृष्ण दासी की भजन संध्या हुई।

यहां धार्मिक अनुष्ठानों के बीच नौवें दिन संत सम्मेलन के उपरांत सायं काल भजन संध्या दो घंटे चली। मोहिनी कृष्ण दासी ने अपने साथी भजन गायक शिवम के साथ राधा-कृष्ण के श्रृंगार व प्रेम के भजन प्रस्तुत किए। गाये भजनों में ₹गोविंद चले आओ₹ ₹बिहारी जी में दिल खो गया₹ और ₹जगत प्रीति मत करियौ₹ आदि सुनकर बडे पंडाल में उपस्थित संत और भक्तगण झूम उठे। वः नृत्य करने लगे। मोहिनी कृष्ण दासी के साथ भजनों में साथी गायक शिवम ने साद निभाया।

उल्लेखनीय है कि देशभर से संत-महंत संत सुदामा दास की शताब्दी समारोह में पधारे हैं। वे भजन संध्या में मौजूद रहे। काल भजन संध्या दो घंटे चली। मोहिनी कृष्ण दासी ने अपने साथी भजन गायक शिवम के साथ राधा-कृष्ण के श्रृंगार व प्रेम के भजन प्रस्तुत किए।

गाये भजनों में ₹गोविंद चले आओ₹ ₹बिहारी जी में दिल खो गया₹ और ₹जगत प्रीति मत करियौ₹ आदि सुनकर बडे पंडाल में उपस्थित संत और भक्तगण झूम उठे। वः नृत्य करने लगे। मोहिनी कृष्ण दासी के साथ भजनों में साथी गायक शिवम ने साद निभाया।

उल्लेखनीय है कि देशभर से संत-महंत संत सुदामा दास की शताब्दी समारोह में पधारे हैं। वे भजन संध्या में मौजूद रहे।

# एआर रहमान के बयान पर यूनाईटेड हिन्दू फ्रंट में गहरा रोष : गोयल

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह



**नई दिल्ली।** प्रख्यात संगीतकार ए. आर. रहमान द्वारा हाल ही में दिए गए बयान को लेकर यूनाईटेड हिन्दू फ्रंट में गहरा रोष एवं आक्रोश व्याप्त है। संगठन का कहना है कि ए. आर. रहमान का यह बयान न केवल करोड़ों सनातनियों की भावनाओं को आहत करने वाला है, बल्कि देश की सामाजिक एकता एवं सांस्कृतिक समरसता को भी ठेस पहुंचाने वाला है ।यूनाईटेड हिन्दू फ्रंट के अंतर्राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष जय भगवान गोयल ने कहा कि ए. आर. रहमान जैसे प्रतिष्ठित व्यक्ति से समाज को जोड़ने, सौहार्द बढ़ाने और राष्ट्रहित में सकारात्मक भूमिका निभाने की अपेक्षा की जाती है, न कि ऐसे गैर-जिम्मेदाराना बयान देने की, जिससे समाज में भ्रम एवं वैमनस्य फैलने की आशंका उत्पन्न हो। उन्होंने कहा कि कला और संगीत से जुड़े व्यक्तियों को अपनी लोकप्रियता और प्रभाव का उपयोग समाज को तोड़ने के बजाय जोड़ने के लिए करना चाहिए।
गोयल ने कहा कि भारत की सनातन संस्कृति अत्यंत सहिष्णु, उदार और सर्वसमावेशी रही है। सनातन धर्म पर किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक टिप्पणी अस्वीकार्य है।

यूनाईटेड हिन्दू फ्रंट ए. आर. रहमान से अपेक्षा करता है कि वे अपने बयान पर सार्वजनिक रूप से स्पष्टीकरण दें और यदि उनके शब्दों से किसी की भावनाएं आहत हुई हैं, तो बिना विलंब सार्वजनिक रूप से खेद प्रकट करें।

उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि भविष्य में इस प्रकार के बयान देकर सनातन संस्कृति और हिन्दू समाज की भावनाओं को ठेस पहुंचाने का प्रयास किया गया, तो संगठन देशभर में लोकतांत्रिक तरीके से विरोध प्रदर्शन करने को बाध्य होगा।

गोयल ने सभी पीपी बुद्धिजीवियों, कलाकारों एवं सार्वजनिक जीवन से जुड़े व्यक्तियों से अपील की कि वे अपने शब्दों और वक्तव्यों में संयम बरतें तथा राष्ट्र की एकता, अखंडता और सामाजिक सौहार्द को सर्वोपरि रखें।

# 201 रक्तवीरों ने थामे 201 जिंदगियों के हाथ, गोवर्धन में इंसानियत ने रचा नया कीर्तिमान

वेलकम इंडिया

**स्व. दान बिहारी मुखिया की स्मृति में रक्तदाता फाउंडेशन द्वारा 105वां रक्तदान शिविर, हर बूंद बनी जीवन की संजीवनी**





**मथुरा।** गोवर्धन में रविवार को इंसानियत ने अपनी सबसे मजबूत आवाज बुलंद की। जब अस्पतालों में खून की कमी से जूझती जिंदगियों को सहारे की जरूरत थी, तब 201 रक्तवीर आगे आए और अपनी रक्त की बूंद-बूंद से जीवन का उजाला भर दिया। स्व. दान बिहारी मुखिया की स्मृति में आयोजित 105वें स्वैच्छिक रक्तदान शिविर ने यह साबित कर दिया कि संगठित सेवा, संवेदनशील सोच और निस्वार्थ भाव से समाज खुद मौत को भी पीछे धकेल सकता है।

रक्तदाता फाउंडेशन के तत्वावधान में श्री गिरि गोवर्धन सेवा समिति द्वारा ब्रजवासी चैरिटेबल ब्लड सेंटर के अंतर्गत यह 105वां स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में युवाओं, महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। सुबह से ही रक्तदाताओं की कतारें लगनी शुरू हो गईं और पूरे आयोजन में सेवा, अनुशासन और समर्पण का वातावरण बना रहा।

स्व. दान बिहारी मुखिया ने अपने जीवनकाल में 46 बार रक्तदान शिविर आयोजित कर समाज को रक्तदान के लिए प्रेरित किया था। उनके निधन के बाद उनके पुत्र एवं मानसिक दिव्यांगों की सेवा में कार्यरत ह्यअपना घरह्न संस्था के सचिव केशव मुखिया ने इस सेवा परंपरा को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। वे प्रतिवर्ष अपने पिता की स्मृति में रक्तदान शिविर आयोजित कर जरूरतमंद मरीजों तक समय पर रक्त उपलब्ध कराने का कार्य कर रहे हैं।

शिविर का शुभारंभ महंत अशोक नारायण दास एवं दंडवती परिक्रमा करने वाले ज्ञानदास बाबा ने गिरिराज महाराज के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया। इस अवसर पर स्व. दान बिहारी मुखिया की पत्नी उर्मिला मुखिया ने स्वयं रक्तदान कर रक्तवीरों का उत्साह बढ़ाया और समाज से इस पुनीत कार्य से जुड़ने की अपील की।

केशव मुखिया ने बताया कि वर्ष 2001 में गिरि गोवर्धन सेवा समिति की स्थापना कर युवाओं को सामाजिक सेवा से जोड़ा गया। मानसिक दिव्यांगों की सेवा में समर्पित ह्यअपना घरह्न संस्था के लिए समय-समय पर रक्त की व्यवस्था करना समिति की प्राथमिकताओं में शामिल है। जैसे ही रक्त की आवश्यकता होती है, समिति से जुड़े रक्तवीर बिना देर किए आगे आ जाते हैं। रक्तदान करने वाले सभी रक्तवीरों को स्मृति चिन्ह, दुपट्टा एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। शिविर के दौरान चिकित्सा मानकों, साफ-सफाई, अनुशासन और व्यवस्थाओं की भी उपस्थित लोगों ने सराहना की।

कार्यक्रम में डा. गिरधारी राणा, केशव मुखिया, यतेंद्र फौजदार, शुभम अग्रवाल, वरुण खंडेलवाल, आकाश खंडेलवाल, गौरव शर्मा, देवेंद्र पाठक, प्रधान जुगल पटेल, सियाराम शर्मा, कपिल बोहरे, गिरिराज ठाकुर, विनय उपाध्याय, विष्णु रावत, ठाकुर फतेह सिंह, कान्हा बंसल, देवेश सोनी, संजू लालाजी, हेमंत खंडेलवाल, राहुल लवानिया, आयुष, मुकुंद, मोहित, लखन, मोनू पंडित सहित अन्य युवाओं का विशेष योगदान रहा।

## कोहरे का कहर:
# हाईवे पर एक-दूसरे से टकराए दर्जनभर वाहन , रोडवेज बस चालक की मौत

वेलकम इंडिया/चरन सिंह

**बरेली।** हाईवे पर रविवार सुबह घने कोहरे ने एक बार फिर जानलेवा रूप दिखाया। फरीदपुर क्षेत्र में द्वारिकेश चीनी मिल से पहले पचौमी गांव के पास जीरो विजिबिलिटी के चलते दर्जनभर से अधिक वाहन आपस में भिड़ गए। हादसा सुबह करीब 8 बजे हुआ, जब घना कोहरा छाया हुआ था और सामने कुछ भी दिखाई नहीं दे रहा था। कोहरे के कारण एक वाहन के अचानक रुकते ही पीछे से आ रहे वाहन एक के बाद एक टकराते चले गए। देखते ही देखते हाईवे पर अफरा-तफरी मच गई। हादसे में कई रोडवेज बसें भी शामिल रहीं, जो आगे चल रहे वाहनों से टकरा गई। हादसे में गोरखपुर से मेरठ जा रही रोडवेज बस के चालक और सहचालक गंभीर रूप से घायल हो गए। बस चालक अतर सिंह, निवासी ग्राम बहादुरपुर हुसैनपुर, जिला मुजफ्फरनगर और सहचालक राहुल, निवासी ग्राम करथल, जिला मुजफ्फरनगर को गंभीर हालत में फरीदपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने सहचालक राहुल को मृत घोषित कर दिया, जबकि चालक अतर सिंह का इलाज जारी है। हादसे के बाद आसपास मौजूद ग्रामीण और राहगीर मौके पर दौड़ पड़े और वाहनों में फंसे घायलों को बाहर निकालने में मदद की। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को तत्काल अस्पताल भिजवाया और हाईवे पर खड़े क्षतिग्रस्त वाहनों को साइड कराकर यातायात बहाल कराया। घटना के बाद काफी देर तक हाईवे पर जाम जैसी स्थिति बनी रही। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।



## जहांगीरपुर रामलीला मैदान में जीके प्रतियोगिता का आयोजन किया

**जहांगीरपुर।** स्थित रामलीला मैदान में खुर्जा के नामी एल्पाइन पब्लिक स्कूल के माध्यम से सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें कस्बा एवं क्षेत्र के लगभग 200 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती निधि गुलाटी ने इस प्रतियोगिता में सफल रहे छात्र-छात्राओं को शुभकामना दी और इस प्रतियोगिता में समय निकालकर आए अभिभावक एवं छात्र-छात्राओं को इस प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए उनका आभार व्यक्त किया और सम्बोधित करते हुऐ कहा कि वर्तमान समय में शिक्षा केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं रह गई बल्कि तकनीकी आधारित एवं कौशल उन्मुख हो गई है उन्होंने रोबोटीक, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस एवं डिजिटल लर्निंग को भविष्य की आवश्यकता बताते हुए नई शिक्षा नीति एन ई पी के प्रमुख बिंदुओं पर चर्चा की ।

# बरेली के यात्रियों को बड़ी सौगात: बांदीकुई पैसेंजर की वापसी

वेलकम इंडिया/चरन सिंह

**बरेली।** कोरोना काल से बंद हुई बरेली से बांदीकुई तक चलने वाली पैसेंजर ट्रेन अब फिर से पटरी पर लौटने जा रही है। 30 जनवरी 2026 से इस ट्रेन का संचालन शुरू होगा। ट्रेन चंदौसी और अलीगढ़ के रास्ते सभी स्टेशनों पर ठहरते हुए चलेगी, जिससे रोजाना सफर करने वाले यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी। रविवार को बरेली जंक्शन के वीआईपी गेस्ट हाउस में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में सांसद छत्रपाल गंगवार ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह ट्रेन क्षेत्र के लोगों की लंबे समय से चली आ रही मांग थी, जिसे अब पूरा किया गया है। ट्रेन की समय-सारणी जल्द जारी की जाएगी। इस दौरान सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता, सीएमआई मो इमरान चिश्ती समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

सांसद ने बताया कि बरेली को अमृत भारत एक्सप्रेस की सुविधा भी



मिल गई है। गाड़ी संख्या 13065 अमृत भारत एक्सप्रेस 22 जनवरी से हावड़ा से चलकर शुक्रवार रात करीब नौ बजे बरेली पहुंचेगी और आगे आनंद विहार टर्मिनल जाएगी। वहीं गाड़ी संख्या 13066 अमृत भारत एक्सप्रेस 24 जनवरी से आनंद विहार टर्मिनल से चलकर शनिवार सुबह बरेली आएगी और अगले दिन हावड़ा पहुंचेगी।

प्रेस वार्ता में सांसद ने बरेली क्षेत्र में चल रहे और प्रस्तावित रेलवे विकास कार्यों की भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बरेली स्टेशन और सीबीगंज स्टेशन पर फुट ओवरब्रिज बनाए जाने की योजना है। इसके अलावा श्मशान भूमि के पास समपार फाटक संख्या 359/बी पर अंडरपास का निर्माण किया जा रहा है। समपार फाटक संख्या 352सी पर रोड ओवर ब्रिज का निर्माण भी शुरू हो चुका है, जिससे फरीदपुर कस्बा समेत सितारगंज, लौंगपुर, मझवा और बुखारा गांवों के लोगों को जाम से राहत मिलेगी। यह मार्ग बदायूं स्टेट हाईवे से भी जुड़ता है।

## सार संक्षेप

## खिचड़ी शरीर को गर्मी और ऊर्जा प्रदान करती है : धर्मेंद्र पटेल



वेलकम इंडिया/चरन सिंह

**बरेली।** मकर संक्रांति के बाद पूरे जनवरी माह भर जगह जगह खिचड़ी भोज के कार्यक्रम आयोजित होते हैं जो अब एक सांस्कृतिक परंपरा भी बन चुकी है, जो अब दान, समरसता और स्वास्थ्य का प्रतीक मानी जाती है। मकर संक्रांति के दिन सूर्य देव मकर राशि में प्रवेश करते हैं, जिसे उत्तरायण की शुरूआत हो जाती है। यह दिन शुभ कार्यों की शुरूआत का प्रतीक है। इस दिन से लोग खिचड़ी बनाकर भगवान सूर्य को अर्पित की करते है और फिर प्रसाद के रूप में वितरित करते है। इसी खिचड़ी भोज को लेकर बरेली कैंट क्षेत्र के ग्राम बारीनगला में समाजसेवी रामकिशोर पटेल और धर्मेंद्र पटेल द्वारा खिचड़ी भोज कार्यक्रम का अयोजन किया गया। कार्यक्रम में सहयोग करने वाले ऋषिपाल पटेल, अमित पटेल, सुमित पटेल, सर्वेश शर्मा, सोबरन पटेल, चंद्रप्रकाश पटेल उपस्थित रहे। इस अवसर पर धर्मेंद्र पटेल ने कहा कि खिचड़ी भोज सामूहिकता और समरसता का प्रतीक है, जहां सभी वर्गों के लोग एक साथ भोजन करते हैं। यह आयोजन जाति, धर्म और वर्ग से ऊपर उठकर सभी को एक साथ जोड़ता है, जिससे सामाजिक एकता को बल मिलता है। यह पर्व ग्रामीण जीवन की सादगी और सहयोग की भावना को दशार्ता है। खिचड़ी में चावल, दाल, हल्दी, अदरक और घी का प्रयोग होता है, जो सर्दियों में पाचन के लिए लाभकारी होता है। पटेल ने कहा कि देश के जाने माने लोगों के साथ देश के गृह मंत्री का पसंदीदा व्यंजन भी खिचड़ी ही है।

## संघर्ष सेवा समिति कार्यालय पर अनुज प्रताप का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया



**झाँसी।** संघर्ष सेवा समिति के सक्रिय सदस्य अनुज प्रताप का जन्मदिन संघर्ष सेवा समिति कार्यालय पर हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर समिति से जुड़े पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएँ देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। बताया गया कि अनुज प्रताप विगत 4 वर्षों से संघर्ष सेवा समिति में सक्रिय सदस्य के रूप में जुड़े हुए हैं और लगातार समाजसेवा के कार्यों में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। अनुज प्रताप डॉ. संदीप सरावगी को अपना आदर्श एवं बड़े भाई मानते हैं और उनके मार्गदर्शन में जनसेवा के कार्यों में निरंतर सक्रिय रहते हैं। वहीं, डॉ. संदीप सरावगी भी अनुज प्रताप को छोटे भाई की तरह स्नेह एवं आत्मीयता प्रदान करते हैं। जन्मदिन समारोह के दौरान सभी ने केक काटकर उत्सव मनाया और अनुज के सेवा भाव की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे युवा समाज के लिए प्रेरणा हैं, जो निस्वार्थ भाव से जनहित के कार्यों में लगे रहते हैं। समारोह में उपस्थित सभी सदस्यों ने अनुज प्रताप के स्वस्थ जीवन, दीघार्यु एवं सेवा कार्यों में निरंतर सफलता की कामना की। इस अवसर पर सोमकांत निगम, राजू सेन, मुन्ना लाल, बसंत गुप्ता, संदीप नामदेव, सुशांत गेड़ा, प्रमेन्द्र सिंह, राजीव कुमार आदि उपस्थित रहे।

## 26 जनवरी गणतंत्र दिवस को लेकर थाना प्रभारी ने ड्रोन कैमरा संचालकों के साथ बैठक कर दिए नोटिस

**रामघाट/बुलंदशहर।** 26 जनवरी गणतंत्र दिवस को लेकर ड्रोन कैमरा संचालकों की रामघाट थाना प्रभारी ने बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए नोटिस सौपें। आपको बता दें 26 जनवरी गणतंत्र दिवस दिल्ली में मनाने को लेकर रामघाट थाना प्रभारी संदीप सिंह ने थाना क्षेत्र के ड्रोन कैमरा संचालकों की थाना थाना प्रांगण में बैठक करते हुए बताया कि 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत दिल्ली क्षेत्र में ड्रोन कैमरा उड़ाने पर 18 जनवरी से लेकर 28 जनवरी तक पूर्ण रूप से प्रतिबंधित किया गया है। उन्होंने बताया किसी भी सार्वजनिक कार्यक्रम भीड़भाड़ वाले स्थान वीआईपी क्षेत्र संवेदनशील स्थान सरकारी भवनों के ऊपर ड्रोन कैमरा उड़ाना पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगा।

## हिन्दू सम्मेलन में संयुक्त परिवार , गौ सेवा व पर्यावरण संरक्षण हेतु चयनित हुये सम्मानित

वेलकम इंडिया

**झांसी।** संघ के सौ वर्ष पूर्ण होने पर छावनी नगर द्वारा विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन महावीर भवन सदर बाजार में आयोजित किया गया। अध्यक्षता राजेंद्र जी बड़जात्या ने की। मुख्य वक्ता धर्मेंद्र जी व अन्य वक्ताओं में आलोक श्रीवास्तव बौद्धिक प्रमुख व विद्या मंदिर सदर की प्राचार्या अर्चना अवस्थी रहीं।

सम्पूर्ण देश में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा संयुक्त परिवार , गौ सेवा व पर्यावरण संरक्षण हेतु समुचित प्रयास वर्षों से किये जा रहे हैं और परिवर्तन आया भी है। छावनी नगर से संयुक्त परिवार के लिए सुशील जैन , गौ सेवा के लिए गणेश दत्त जोशी व पर्यावरण संरक्षण हेतु आवश्यक वृक्षारोपण में विशेष योगदान के लिये अशोक अग्रवाल काका को शॉल ओढ़ाकर माला



पहनाते हुए श्री फल भेंट कर उन्हें सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का आरम्भ मां भारती की आरती व वन्देमातरम् गायन से किया गया तत्पश्चात रानी लक्ष्मीबाई की प्रस्तुति व भारत माता की विशिष्ट प्रस्तुति विद्या मंदिर सदर व मॉन्टेसरी स्कूल सदर की बालिकाओं ने दी।

इस अवसर पर महानगर संघ चालक सतीश शरण अग्रवाल व छावनी नगर के संघ चालक सुरेन्द्र खंडेलवाल के साथ साथ छावनी नगर के सभी कार्य क्षेत्र प्रमुख गण रमाकांत त्रिपाठी एड. प्रदीप अग्रवाल , योगेन्द्र शरण लाला व छावनी सदर बाजार के सम्भ्रांत नागरिक गण एवं मातृशक्ति ने बढ़ चढ़ कर अपनी भागीदारी की। विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के पदाधिकारी गण भी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का संचालन डॉ प्रदीप कुमार श्रीवास्तव ने व सभी के प्रति आभार डॉ कृष्ण मोहन अग्रवाल ने व्यक्त किया।

## जीरो फैटेलिटी डिस्ट्रिक्ट कार्यक्रम के क्रियान्वयन की डीआईजी मेरठ रेंज ने की समीक्षा

**बुलंदशहर।** सड़क दुर्घटनाओं से होने वाली मृत्यु दर को कम करने के लिए मुख्यालय द्वारा चलाए गए जीरो फैटेलिटी डिस्ट्रिक्ट कार्यक्रम के क्रियान्वयन की डीआईजी मेरठ रेंज ने की समीक्षा। सभी क्रिटिकल कॉरिडोर की टीम को अत्याधुनिक उपकरणो जैसे-ब्रेथ एनालाइजर, रिफ्लेक्टिंग जैकेट, ब्लिंकिंग लाईट्स, स्पीड रडार, बॉडी वॉर्न कैमरा से किया जाये लैस- डीआईजी ने कहा है कि रेंज में 90 दुर्घटना बाहुल्य एवं 22 क्रिटिकल कॉरिडोर चिन्हित सभी क्रिटिकल कॉरिडोर पर सी0सी0 टीम गठित, प्रत्येक टीम में 01 उ0नि0 व 04 है0कां0/ कां0 नियुक्त दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्र / क्रिटिकल कॉरिडोर में लगाए गए 302 चेतावनी बोर्ड 25339 रिफ्लेक्टर पट्टियां लगाई गई एवं 1020 स्थानों से हटाया अतिक्रमण हाईवे पर चढने व उतरने के 81 स्थानों पर गति सीमा निर्धारित यातायात व्यवस्था हेतु 665 यातायात पुलिस एवं 434 जनपदीय पुलिस से लगाया पुलिस बल प्रदेश में सडक दुर्घटनाओं से होने वाली मृत्यु दर को कम करने के लिए चलाए गए।

## भीषण कोहरे ने बरपाया कहर , ट्रक की डबल डेकर बस से भीषण टक्कर



वेलकम इंडिया फतेह खान

**रुदौली,अयोध्या।** रविवार सुबह लखनऊझअयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग पर रौजा गांव स्थित चीनी मिल के सामने भीषण सड़क हादसा हो गया। घने कोहरे के कारण एक तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर डबल डेकर बस से जा टकराया, टक्कर के बाद ट्रक पलट गया।

बस में सवार छह यात्री घायल हो गए। सूचना मिलते ही रुदौली कोतवाल संजय मौर्य भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और राहत एवं बचाव कार्य शुरू कराया। सभी घायलों को तत्काल सीएचसी रुदौली में भर्ती कराया गया।

प्राथमिक उपचार के बाद तीन घायलों की हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें जिला अस्पताल अयोध्या रेफर कर दिया। अन्य घायलों का उपचार जारी है। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को हटवाकर यातायात बहाल कराया। हादसे का कारण भीषण कोहरा व कम दृश्यता बताया जा रहा है।

## अख़्तर खान बने एआईएमआई के नगरध्यक्ष



वेलकम इंडिया

**संतकबीरनगर।** कस्बा मगहर के निवासी अख़्तर खान को आल इंडिया मजलिसे इत्तेहादुल मुस्लमीन का नगर अध्यक्ष मगहर बनाया गया है ।उनके मनोनयन पर लोगों ने मुबारकबाद देते हुये खुशी का इजहार किया है।

उक्त मनोनयन का पत्र जिला अध्यक्ष इरशाद आलम ने जारी करते हुए कहा है कि पार्टी के प्रति निष्ठा और समर्पण,संघर्ष को देखते हुए अख़्तर खान को नगर अध्यक्ष मगहर और परवाज अंसारी को नगर महासचिव मगहर, सबरे आलम को भी नगर महासचिव मगहर बनाया गया है ।आशा है कि कर्मठ और शक्तिशाली लोगों को संपूर्ण संतकबीर नागर में आप पार्टी से जोड़े और पार्टी के नीति और सिद्धांतों को प्रचार प्रसार में मुख्य ध्येय होना चाहिए ।पार्टी के कार्यकताओं को विश्वास में लेकर अपने दायित्तवों को श्रद्धापूर्वक निर्वहन करते हुए अपने निष्ठा और परिश्रम से राष्ट्रीय अध्यक्ष सांसद बैरिस्टर असदुद्दीन ओवैसी साहब राष्ट्रीय अध्यक्ष और प्रदेश अध्यक्ष शौकत अली के नेतृत्व में प्राप्त उपलब्धियों को व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार कर शक्ति प्रदान करेंगे ।निर्देश दिया जाता है कि 1 माह में जिला कमेटी का गठन कर प्रदेश नेतृत्व को अवगत कराएंगे।

नगर अध्यक्ष बनाए जाने पर बधाई देने वालों में प्रदेश संयुक्त सचिव सुनील कुमार यादव,पूर्वांचल महासचिव सफीक अहमद, स.स.पूर्वांचल प्रेम प्रकाश गौतम, जिलाध्यक्ष इरशाद अहमद, अच्छू, ई अमीर कादरी, अब्दुल नसीम, गुलाम नबी, रमेश चंद गौतम,मोहम्मद जमील, नसीर अहमद, हाफिज अब्दुल्ला, अब्दुल खालिक, सुनील कुमार राव, मजहर अली,बाबूलाल आदि लोग मौजूद रहे।

## गरीब, निराश्रित व दिव्यांगजनों को निःशुल्क कंबल वितरण, डुग्नू मैया मंदिर पर भंडारे का हुआ आयोजन

वेलकम इंडिया

**झाँसी।** बबीना के ग्राम अठोंदना आदिवासी मुहल्ले में रविवार को सामाजिक सरोकार से जुड़ा एक प्रेरणादायक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर गरीब, निराश्रित एवं दिव्यांगजनों को निःशुल्क कंबल वितरित किए गए। कंबल वितरण कार्यक्रम के उपरांत शाम को डुग्नू मैया मंदिर परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों, श्रद्धालुओं एवं अतिथियों ने सहभागिता की।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झांसीझललितपुर के सांसद अनुराग शर्मा रहे। उनके आगमन पर कार्यक्रम आयोजक अनिल यादव एवं ग्रामवासियों द्वारा



माल्यार्पण कर गर्मजोशी से स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि का स्वागत करने वालों में अनिल यादव, यमन यादव, परमजीत सिंह, पूर्व पार्षद विद्या प्रकाश दुबे, आशू यादव, रवि गोस्वामी, ऋषभ यादव, प्रदीप मिश्रा, राहुल यादव, अमन यादव, राहुल खोडन, नरेंद्र लाहर, पंजाब सिंह यादव, नारायण सिंह यादव, प्रेम सिंह यादव, नीरज पाल, देव यादव, आरिफ राजपूत, दिनेश रायकवार, आदर्श यादव, अंकेश यादव सहित अनेक सामाजिक कार्यकर्ता व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदीप मिश्रा ने की, जबकि संचालन पूर्व पार्षद विद्या प्रकाश दुबे व रवि गोस्वामी द्वारा किया गया। अंत में परमजीत सिंह ने मुख्य अतिथि, सभी आगंतुकों, सहयोगकताओं एवं ग्रामवासियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## मीठेगांव टोल प्लाजा पर सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान



वेलकम इंडिया फतेह खान

**मिल्कीपुर, अयोध्या।** मिल्कीपुर स्थित मीठेगांव टोल प्लाजा पर भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (ठलअक) एवं आरटीओ अयोध्या के संयुक्त तत्वावधान में ‟सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा‟ जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह अभियान शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता के तहत चलाया गया।

कार्यक्रम में एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर अवनीत सिद्धार्थ, आरटीओ अयोध्या आर.पी. सिंह तथा गोमती हाईवे प्राइवेट लिमिटेड के मेंटेनेंस मैनेजर आदित्य, सचिन सिंह व रवि राय उपस्थित रहे अधिकारियों ने वाहन चालकों को यातायात नियमों के पालन, हेलमेट व सीट बेल्ट के उपयोग के प्रति जागरूक किया।

# प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के तहत अमेठी के 1179 लाभार्थियों को मिली पहली किस्त

वेलकम इंडिया

**अमेठी।** मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश श्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा गुरुवार को लखनऊ स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, गोमती नगर से प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के अंतर्गत प्रदेश के 2 लाख लाभार्थियों के बैंक खातों में सीधे 2000 करोड़ रुपये की धनराशि अंतरित की गई। इस क्रम में जनपद अमेठी के प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के 1179 लाभार्थियों के खातों में प्रथम किस्त के रूप में एक-एक लाख रुपये की धनराशि डीबीटी माध्यम से भेजी गई।

जनपद स्तर पर इस कार्यक्रम का सजीव प्रसारण जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर, गौरीगंज में किया गया, जहां जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक



अधिकारियों एवं लाभार्थियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

जनपद अमेठी में नगर पंचायत अमेठी के 30, नगर पालिका परिषद गौरीगंज के 591, नगर पालिका परिषद जायस के 507 तथा नगर पंचायत मुसाफिरखाना के 51 लाभार्थियों को प्रथम किस्त की राशि प्राप्त हुई। सजीव प्रसारण कार्यक्रम के उपरांत जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरी, विधायक अमेठी महाराजी प्रजापति एवं जिलाधिकारी संजय चौहान द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को स्वीकृति प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरी ने कहा कि प्रदेश सरकार पूरी ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ पात्र लाभार्थियों को आवास की सुविधा उपलब्ध करा रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों के लिए एक मजबूत आधार है, जिससे उन्हें सम्मानपूर्वक जीवन जीने का अवसर मिल रहा है। सरकार की मंशा है कि कोई भी पात्र परिवार आवास जैसी मूलभूत सुविधा से वंचित न रहे।

# एक लाख के इनामी को मुठभेड़ में किया था ढेर, सोशल वर्करों ने किया सम्मानित

## थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार लगातार कर रहे हैं पुलिस का इकबाल बुलंद

वेलकम इंडिया



**कांधला।** कांधला पुलिस ने अपराध की दुनिया में खौफ का पर्याय बने एक लाख के इनामी बदमाश को एनकाउंटर में ढेर कर क्षेत्र को बड़ी राहत दिलाई थी। इस ऐतिहासिक सफलता के बाद सामाजिक संगठनों और सोशल वर्करों में भी पुलिस के प्रति सम्मान और विश्वास और अधिक मजबूत हुआ है। इसी कड़ी में रविवार को सोशल वर्करों की टीम ने थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार को बुके भेंट कर सम्मानित किया।

18 अक्टूबर की वह सुबह कांधला के लिए सुकून और सुरक्षा का संदेश लेकर आई, जब मोहल्ला खेल का कुख्यात अपराधी नफीस पुत्र मूंदा हमेशा-हमेशा के लिए अतीत बन गया। हत्या, लूट, जानलेवा हमले और नकली नोटों की तस्करी जैसे 34 से अधिक संगीन अपराधों में वांछित यह बदमाश लंबे समय से पुलिस के लिए चुनौती बना हुआ था। एक लाख रुपये का इनाम घोषित होने के बावजूद नफीस कानून को ठेंगा दिखाता रहा, लेकिन आखिरकार पुलिस की सतर्कता, रणनीति और साहस के आगे उसकी एक न चली। यह कोई फिल्मी कहानी नहीं, बल्कि कांधला और कैराना पुलिस की जांबाजी का जीवंत उदाहरण है।

कांधला थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार और कैराना कोतवाली प्रभारी समय पाल अत्री के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने अपनी जान जोखिम में डालकर इस दुर्दांत अपराधी का अंत किया और समाज को खौफ से मुक्त कराया था। इस बहादुरी और उत्कृष्ट पुलिसिंग के लिए एडीजी मेरठ भानु भास्कर ने दोनों अधिकारियों की पीठ थपथपाते हुए उन्हें सम्मानित भी किया। रविवार को इसी सफलता पर सामाजिक सरोकारों से जुड़े सोशल वर्कर डॉ. मुजक्किर, अनस और उनकी टीम ने थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार को बुके देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि कांधला पुलिस की इस कार्रवाई से आमजन में सुरक्षा की भावना मजबूत हुई है और अपराधियों के हौसले पस्त हुए हैं। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने सम्मान के लिए सोशल वर्करों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पुलिस का उद्देश्य जनता की सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखना है।

## कहासुनी मे दो पक्षो मे मारपीट दो घायल पुलिस जांच मे जुटी

**कांधला।** कस्बे के मोहल्ला माजरा में मामूली कहासुनी को लेकर विवाद ने मारपीट का रूप ले लिया। दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई।मारपीट में दोनों पक्षों के दो लोग घायल हो गए। दोनों पक्षों ने अपना-अपना डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।पुलिस मामले की जांच कर रही है।मारपीट का लाइव विडियो वायरल हो रहा है।

शनिवार की शाम को मोहल्ला माजरा निवासी अजय पुत्र लीला का अपने पड़ोस के ही लोगों के साथ कहासुनी हो गई थी । उस समय मोहल्ले के लोगों ने अजय को समझा बुझाकर घर भेज दिया था। आरोप है कि रविवार की सुबह को अजय ने अपने परिवार के लोगों के साथ मिलकर मोहल्ले के हिमांशु पुत्र प्रवीण के साथ मारपीट कर दी। शोर शराबा होने पर दोनों पक्षों के लोग मौके पर आ गए। दोनों पक्ष में जमकर मारपीट हुई। मारपीट में एक पक्ष से अजय पुत्र लीला में दूसरे पक्ष से हिमांशु पुत्र प्रवीण घायल हो गए।

# यातायात नियमों को लेकर पुलिस का जागरूकता अभियान

## दिल्ली बस अड्डे पर चालकों को दी सुरक्षा की सीख



वेलकम इंडिया

**कांधला। (मोहसिन रहमानी)** सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और आमजन को सुरक्षित यातायात के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से कांधला पुलिस द्वारा दिल्ली बस अड्डे पर विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान का नेतृत्व कस्बा इंचार्ज जुल्फिकार ने किया। उनके साथ हेड कांस्टेबल अजय कुमार, होमगार्ड यशपाल एवं होमगार्ड मनोज कुमार भी मौजूद रहे। अभियान के दौरान पुलिस टीम ने बस अड्डे पर मौजूद दोपहिया व चारपहिया वाहन चालकों के साथ-साथ आम नागरिकों को यातायात नियमों की जानकारी दी।

कस्बा इंचार्ज जुल्फिकार ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि सड़क पर सुरक्षित यात्रा तभी संभव है जब प्रत्येक व्यक्ति यातायात नियमों का ईमानदारी से पालन करे। नियमों की अनदेखी न केवल चालान का कारण बनती है, बल्कि कई बार यह जानलेवा भी साबित होती है।

उन्होंने विशेष रूप से दोपहिया वाहन चालकों से अपील की कि वे वाहन चलाते समय अनिवार्य रूप से हेलमेट का प्रयोग करें, वहीं चारपहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट लगाकर ही वाहन चलाने की सलाह दी।

कस्बा इंचार्ज ने कहा कि शराब या किसी भी प्रकार के नशे की हालत में वाहन चलाना गंभीर अपराध है, जिससे स्वयं चालक के साथ-साथ अन्य राहगीरों की जान भी खतरे में पड़ जाती है। पुलिसकर्मियों ने वाहन चालकों को निर्धारित गति सीमा का पालन, मोबाइल फोन का प्रयोग न करने, गलत दिशा में वाहन न चलाने और सड़क संकेतों का सम्मान करने जैसे महत्वपूर्ण नियमों की जानकारी भी दी।

## पन्द्रह लाख की चरस के साथ आरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल



**कांधला। (मोहसिन रहमानी)** पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक मादक पदार्थ तस्कर को लाखों रुपए की अवैध चरस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पकड़े गए तस्कर के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर जेल भेज दिया है। शनिवार की शाम को कस्बा इंचार्ज नरेंद्र वर्मा पुलिस बल के साथ गांव हाजीपुर दुगड्डा रजवाहे की पटरी पर संदिग्ध लोगों एवं संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इसी बीच पुलिस को एक संदिग्ध युवक आता दिखाई दिया। पुलिस ने युवक को रोक कर पूछताछ की तो युवक कोई भी संतोष जनक जवाब नहीं दे पाया, और मौके से भागने का प्रयास किया। पुलिस ने पीछा कर आरोपी को दबोच लिया। आरोपी की तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से 480 ग्राम अवैध चरस बरामद हुई, जिनके अंतरराष्ट्रीय कीमत पन्द्रह जो लाख रुपए बताई जा रही है। पुलिस पूछताछ में पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम मोहसिन पुत्र जमशेद निवासी गांव हाजीपुर दुगड्डा बताया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस की धाराओं में कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि अवैध चरस के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया था। जिसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया गया है।

## साइबर सेवा केंद्र ने पीड़ित के खाते से ठगी गई रकम कराई वापस



**कांधला।** कस्बे के जन्नत कॉलोनी निवासी एक व्यक्ति के खाते से अज्ञात ठग ने ऑनलाइन एक लाख रुपए का फ्रॉड कर लिया था। पीड़ित ने साइबर सेवा केंद्र पर शिकायत कर कार्रवाई की मांग की थी। साइबर पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए पीड़ित के पचास हजार रुपए की रकम वापस कराई। शेष धनराशि के संबंध में अग्रिम वैधानिक कार्रवाई प्रचलित है। कस्बे के जन्नत कॉलोनी निवासी इस्लाम पुत्र करमुद्दीन ने थाने पर शिकायत करते हुए बताया था कि गत 2 नवंबर 2025 को पीड़ित के खाते से अज्ञात ठग के द्वारा एक लाख रुपए ऑनलाइन फ्रॉड कर लिए गए हैं। पुलिस ने मामले में अभियोग पंजीकृत करते हुए कार्रवाई शुरू कर दी थी। रविवार को पुलिस ने पीड़ित के खाते से ठगी गए रकम में से पचास हजार रुपए की रकम वापस कराई। शेष धनराशि के संबंध में अग्रिम कार्रवाई प्रचलित है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि पीड़ित के खाते से एक लाख रुपए की रकम का फ्रॉड हुआ था।पीड़ित की पचास हजार रुपए की रकम वापस कराई गई है। शेष रकम के बारे में कार्रवाई जारी है। शीघ्र ही शेष रकम भी वापस कराई जाएगी।

## नूर हॉस्पिटल एंड आई केयर सेंटर का हुआ भव्य उद्घाटन



**संतकबीरनगर।** रविवार को विकास खण्ड सेमरियावा के सेमरियावा के नूर हॉस्पिटल एंड आई केयर सेंटर का भव्य उद्घाटन किया। इस अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य लोग मौजूद रहे। सेमरियावां ब्लाक के सेमरियावां में इस्लामिक विद्वान मौलाना मोहीबुल्लाह कासमी ने रविवार को नूर हॉस्पिटल एंड आई केयर सेंटर का भव्य उद्घाटन किया। हास्पिटल के प्रबंध निदेशक मोहम्मद अरशद ने बताया कि डॉ. अपूरवा श्रीवास्तव डॉ. ए. रिजवी नेत्र रोग विशेषज्ञ, डॉ. नुसरत फातिमा स्त्री रोग विशेषज्ञ के रूप में अपनी सेवाएं देंगे। अब आँख के इलाज या ऑपरेशन के लिए कहीं और जाने की कोई आवश्यकता नहीं है। हॉस्पिटल में मरीज को बेहतर सुविधा दी जायेगी। इस दौरान मास्टर अबू जफर, मशहूर आलम चौधरी, गौहर अली खां, मोहम्मद अहमद, कायनात फातिमा, प्रिया पाठक, शमशेर अहमद, वसीम अहमद, सैयद फिरोज अशरफ, महमूद आलम चौधरी, हाजी अब्दुल कय्यूम, सपा महिला प्रदेश उपाध्यक्ष प्रिया पाठक ,मशहूर आलम चौधरी, गौहर अली खान,मास्टर मुजीबुल्लाह प्रधानाचार्य एन आई सी मुंडाडिहा बेग, पूर्व जिला पंचायत सदस्य व सपा नेता मोहम्मद अहमद,पूर्व ब्लाक प्रमुख महमूद आलम,अल हिरा ग्लोबल एकेडमी के प्रबंधक फुजैल अहमद नदवी, ,तौफीक अहमद आदि मौजूद रहे।

# एसआईआर में सम्पूर्ण प्रक्रिया के दौरान कार्य में गुणवत्ता/यथार्थतता पर विशेष ध्यान दें बीएलओ व सम्बंधित अधिकारीगण : मण्डलायुक्त

वेलकम इंडिया



**संतकबीरनगर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त रोल प्रेक्षक/मण्डलायुक्त बस्ती मण्डल बस्ती अखिलेश सिंह व जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी आलोक कुमार द्वारा जनपद के विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूची के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम (एसआईआर) अभियान के तहत आलेख्य के प्रकाशन के बाद छूटे हुए एवं पात्र मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ने तथा मतदाता सूची को परिष्कृत बनाए जाने की दिशा में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज विशेष अभियान तिथि के दौरान विभिन्न बूथों पर बी0एल0ओ0 द्वारा आलेख्य निर्वाचक नामावलियों को पढ़कर सुनाये जाने के अवसर पर 312-मेंहदावल, 313-खलीलाबाद व 314-धनघटा( अ0जा0 ) विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न बूथों का स्थलीय निरीक्षण किया गया।

बूथों के निरीक्षण के दौरान मण्डलायुक्त/रोल प्रेक्षक व जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी द्वारा आलेख्य निर्वाचन नामावली को पढ़कर सुनाए जाने के विशेष अभियान दिवस पर आज जूनियर हाई स्कूल खलीलाबाद के बूथ संख्या 401, 402, 403, 404, 405 एवं 406 का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान रोल प्रेक्षक द्वारा उपस्थित बीएलओ से फार्म-6 प्राप्त होने की स्थिति सहित अन्य बिंदुओं पर आंकड़ेवार जानकारी लेते हुए प्रगति एवं गुणवत्ता की जांच की गई।

निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा प्राथमिक विद्यालय नैनीडीहा बूथ संख्या 380, प्राथमिक विद्यालय सियारासाथा बूथ संख्या 375 व 376, प्राथमिक विद्यालय तामा बूथ संख्या 509 व 510, पूर्व माध्यमिक विद्यालय नाथनगर बूथ संख्या 89,90,91,92 व 93, प्राथमिक विद्यालय मुखलिसपुर बूथ संख्या 183,183 व 185, उच्च प्राथमिक विद्यालय प्रजापतिपुर बूथ संख्या 347 व 348, प्राथमिक विद्यालय बनिया बारी बूथ संख्या 388 का स्थलीय निरीक्षण करते हुए उपस्थित बी0एल0ओ0 से फार्म-6 प्राप्त होने की स्थिति व नाम आदि में संसोधन से सम्बंधित विभिन्न फार्मो/आवेदन प्राप्त होने आदि की बूथवार जानकारी प्राप्त करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। उल्लेखनीय है कि निर्वाचन आयोग द्वारा अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के दौरान विशेष अभियान की आगामी तिथियां 31 जनवरी 2026 व 01 फरवरी 2026 निर्धारित की गयी है।

निरीक्षण के दौरान मण्डलायुक्त एवं जिलाधिकारी द्वारा प्रत्यके बूथों पर बीएलओ के उपस्थिति आदि की जांच करते हुए मतदाताओं को सूची पढ़कर सुनाने का निर्देश दिया तथा बूथों पर बीएलओ को प्राप्त दवा व आपत्ति की जानकारी ली गई।

# सरकारी कार्यालय की महिला कर्मचारी ने लगाए गंभीर आरोप

वेलकम इंडिया

**कांधला। (मोहसिन रहमानी)** कस्बे के एक सरकारी कार्यालय में चपरासी के पद पर तैनात महिला कर्मचारी ने एक अधिकारी और एक प्राइवेट कर्मचारी पर बेहद गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़िता का कहना है कि आरोपितों ने उसके फोटो एडिट कर वायरल करने की धमकी देकर उसे बदनाम करने का प्रयास किया, साथ ही उसके साथ छेड़छाड़ भी की गई। मामले को लेकर पीड़िता ने थाने पहुंचकर लिखित तहरीर दी है और सख्त कार्रवाई की मांग की है।

पीड़िता के अनुसार, वह लंबे समय से मानसिक दबाव और डर के साये में जी रही थी। आरोप है कि दोनों आरोपितों ने उसके निजी सम्मान को ठेस पहुंचाने की नीयत से फोटो एडिट कर सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दी, जिससे उसकी सामाजिक छवि खराब हो सकती थी। पीड़िता ने साहस दिखाते हुए पूरे मामले की जानकारी पुलिस को दी और न्याय की गुहार लगाई।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि सभी पहलुओं की निष्पक्ष जांच की जा रही है और जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी, आरोप सही पाए जाते हैं तो दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस घटना के सामने आने के बाद कस्बे में चचाओं का माहौल है। महिला कर्मचारियों की सुरक्षा और सम्मान को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं।

सामाजिक संगठनों ने मामले में निष्पक्ष जांच और पीड़िता को जल्द न्याय दिलाने की मांग की है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि पीड़िता की तहरीर पर

# सड़क हादसे में अलग-अलग हादसों में दो घायल

वेलकम इंडिया





**कांधला (मोहसिन रहमानी)** थाना क्षेत्र के गांव भभीसा में एक बाइक सवार को दूसरे बाइक सवार ने टक्कर मार दी। बाइक की टक्कर लगने से बाइक सवार घायल हो गया, जबकि दूसरा बाइक सवार अपनी बाइक लेकर मौके से फरार हो गया। 108 एंबुलेंस ने घायल को कस्बे के राजकीय अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने पीड़ित की हालत को गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है।

जनपद मुजफ्फरनगर के बुढाना कोतवाली क्षेत्र के गांव रसूलपुर दभेडी निवासी मोहम्मद आरिफ पुत्र अब्दुल जब्बार रविवार को पानीपत से अपनी बाइक पर सवार होकर अपने गांव लौट रहा था। जैसे ही बाइक सवार क्षेत्र के गांव भभीसा में पहुंचा तो इसी बीच अचानक गली से निकले बाइक सवार ने पीड़ित की बाइक को टक्कर मार दी, और मौके से फरार हो गया। बाइक की टक्कर लगने से पीड़ित गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने मामले की सूचना 108 एंबुलेंस को दी।

सूचना पर 108 एंबुलेंस ने मौके पर पहुंचकर पीड़ित को कस्बे के राजकीय अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने पीड़ित की हालत को गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है, वहीं दूसरी ओर क्षेत्र के गांव जिडाना निवासी किसान शिवदत्त पशुओं के लिए मशीन से चारा काट रहा था। इसी बीच पीड़ित का हाथ मशीन में आ गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने पीड़ित को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने उपचार के बाद पीड़ित को छुट्टी दे दी है।

## नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर में 260 मरीजों की हुई जांच, ठंड से बचाव के लिए गरीबों को बांटे कंबल

**शिकारपुर/बुलंदशहर।** रविवार को हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मौहल्ला कोट शेर खान शिकारपुर में बख्शी आई केयर सेंटर द्वारा निशुल्क जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं वृद्ध जनों ने पहुंचकर लाभ उठाया।इस दौरान सर्दी में शीत लहर के चलते गरीब असहाय लोगों को कंबल वितरित किए गए, और मरीजों की जांच कर निशुल्क चश्मा दवाइयां भी दी गई मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए मरीजों का चयन किया गया। इस अवसर समाजसेवी समीम चौधरी ने कहा है कि मानवता की सेवा करना हम सब का परम कर्तव्य है। अन्य समाजसेवियों को सीख लेनी चाहिए और गरीबों एवं मजलूमो की सेवा करने के लिए आगे आना चाहिए।

## श्रीकृष्ण बलराम मन्दिर में धूमधाम से मनाया भक्ति वेदांत नारायण स्वामी महाराज का आविर्भाव महोत्सव

वेलकम इंडिया

**वृन्दावन।** सेवाकुंज गली स्थित श्रीकृष्ण बलराम मन्दिर में प्रख्यात गौडीय संत श्रीमद् भक्ति वेदांत नारायण स्वामी महाराज का आविर्भाव महोत्सव संतों-विद्वानों व भक्तों की उपस्थित में अत्यंत श्रद्धा व धूमधाम के साथ सम्पन्न हुआ। प्रातः काल महाराजश्री की प्रतिमा का वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य अभिषेक व पूजन-अर्चन किया गया।साथ ही भजन संकीर्तन का भी आयोजन सम्पन्न हुआ।

इस अवसर पर आयोजित संत-विद्वत संगोष्ठी में त्रिदण्डी स्वामी श्रील भक्ति वेदांत स्वामी मधुसूदन गोस्वामी महाराज (विश्वबन्धु) ने कहा कि हमारे सदगुरुदेव श्रीमद् भक्ति वेदांत नारायण स्वामी महाराज गौडीय सम्प्रदाय की बहुमूल्य निधि थे।उन्होंने गौडीय सम्प्रदाय के संस्कृत व बांग्ला भाषा में लिखे 100 से भी अधिक ग्रंथों का हिन्दी में अनुवाद किया।बाद को इन ग्रंथों का विश्व की विभिन्न भाषाओं में अनुवाद हुआ।

प्रख्यात साहित्यकार ₹यूपी रत्न₹ डॉ. गोपाल चतुर्वेदी ने व प्रमुख समाजसेवी पंडित बिहारीलाल वशिष्ठ ने कहा कि श्रीमद् भक्ति वेदांत नारायण स्वामी महाराज की गौडीय सम्प्रदाय के लिए अनेकों देनें हैं।उनके द्वारा मथुरा में श्रीकेशव गौडीय मठ और वृंदावन में श्रीरूप सनातन गौडीय मठ व श्रीकेशव गौडीय मठ आदि की स्थापना की गई। भक्ति वेदांत दामोदर महाराज व भक्ति मयूर भिक्षु महाराज ने कहा कि श्रीमद् भक्ति वेदांत नारायण स्वामी महाराज अनेकानेक सद्गुणों की खान थे।

# अर्श डिग्री कॉलेज बस्ती को मानू की टॉप-10 सूची में दूसरा स्थान

वेलकम इंडिया



**संतकबीरनगर** मौलाना आजाद नेशनल उर्दू यूनिवर्सिटी (मानू), हैदराबाद द्वारा आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला में मानू से संबद्ध विभिन्न शिक्षण संस्थानों ने प्रतिभाग किया। इस दौरान शैक्षणिक गुणवत्ता के आधार पर कुछ संस्थानों को ह्लटॉप-10ह्व की श्रेणी में शामिल किया गया, जिसमें अर्श डिग्री कॉलेज मैनहिया, बस्ती ने दूसरा स्थान प्राप्त कर जिले व आसपास के क्षेत्र का नाम रोशन किया।

कार्यक्रम के दौरान मानू के कुलपति प्रो. ऐनुल हसन ने अर्श डिग्री कॉलेज के समन्वयक डॉ. अब्दुल अहद अलीग को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर कॉलेज की शैक्षणिक गुणवत्ता की सराहना की और उनके प्रयासों की प्रशंसा की। इतने कम समय में संस्थान को इस मुकाम तक पहुंचाना एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है।लोगों का कहना है कि डॉ. अब्दुल अहद अलीग की कड़ी मेहनत, लगन और शिक्षा के प्रति समर्पण का ही परिणाम है कि आज यह संस्थान प्रगति के शिखर पर पहुंचा है। शिक्षा के माध्यम से कौम और समाज को आगे बढ़ाने का उनका जज्बा प्रशंसनीय है। इस अवसर पर बधाई देने वालों में प्रो. संजीव कुमार, प्रो. मोहम्मद आलम मंसूरी, मास्टर अब्दुल कादिर, महबूब आलम नदवी , मौलाना उबैदुर्रहमान मजाहिरी, डॉ.अख्तर हुसैन कासमी, मौलाना महमूदुल हसन कासमी, कारी मोहम्मद तैय्यब, गौरव त्रिपाठी, राहुल यादव, चांद अली मिस्बाही, सईद अहमद, मौलाना इमरान नदवी, मौलाना उबैद नदवी, मोहम्मद आमिर सहित अनेक गणमान्य लोग शामिल रहे।

# मंडलायुक्त आखिलेश कुमार सिंह ने किया बूथों का निरीक्षण

हिना कमाल/वेलकम इंडिया



**मेहदावल।** मंडलायुक्त बस्ती आखिलेश कुमार सिंह ने रविवार को मेहदावल तहसील के कई बूथों का निरीक्षण किया।इस दौरान उन्होंने कहां की 18 वर्ष पूरा कर चुके किसी भी मतदाता का नाम मतदाता सूची में छूटना नहीं चाहिए।बीएलओ को इसका विशेष ध्यान रखना होगा।यदि किसी पात्र व्यक्ति का नाम छूटता है तो संबंधित बीएलओ के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने प्राथमिक विद्यालय बेलहर कला के बूथ संख्या 171,172,173,174,175 का निरीक्षण किया।इस दौरान उन्होंने कहा कि 18 वर्ष पूरा कर चुके किसी भी मतदाता का नाम मतदाता सूची में छूटना नहीं चाहिए।बीएलओ को इसका विशेष ध्यान रखना होगा।यदि किसी पात्र व्यक्ति का नाम छूटता है तो संबंधित बीएलओ के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।इस दौरान एडीएम जय प्रकाश, एसडीएम संजीव कुमार राय,तहसीलदार अलपिका वर्मा ,नायब तहसीलदार प्रेम नारायण,ईओ अमित कुमार सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष सुरेंद्र निषाद आदि मौजूद रहेउन्होंने कहां की 18 वर्ष पूरा कर चुके किसी भी मतदाता का नाम मतदाता सूची में छूटना नहीं चाहिए।बीएलओ को इसका विशेष ध्यान रखना होगा।यदि किसी पात्र व्यक्ति का नाम छूटता है तो संबंधित बीएलओ के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## सड़क सुरक्षा और संस्कृति उत्सव की

# जनपदीय प्रतियोगिता में मोदी कॉलेज के छात्रों ने प्रथम स्थान पाकर लहराया परचम

**वेलकम इंडिया**




**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ट)।** डॉ के एन मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज के छात्रों ने उत्तर प्रदेश शासन के दिशा निदेर्शों के क्रम में पी बी एस इंटर कॉलेज में आयोजित सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा के ऊपर आयोजित जनपदीय चित्रकला प्रतियोगिता में विद्यालय के कक्षा 10 के छात्र कृष्ण वर्मा ने प्रथम स्थान तथा अक्षय वर्मा ने तृतीय स्थान व भाषण प्रतियोगिता में कक्षा 11 के छात्र अयान अल्वी ने तृतीय स्थान तथा लघु नाटिका में छात्रों ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया।

सड़क सुरक्षा प्रतियोगिताओं की तीनों विधाओं में विद्यालय के छात्रों का दबदबा रहा। जिला प्रशासन में जिला पर्यटन संस्कृति उत्सव गाजियाबाद के हिंदी भवन लोहिया नगर गाजियाबाद में आयोजित संस्कृति उत्सव 2026 में विद्यालय के छात्र शांतनु ने लोक नृत्य कला में प्रथम स्थान और अर्पण ने लोक गायन विद्या में द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया व विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर सतीश अग्रवाल ने विजय छात्रों और उनके मार्गदर्शक शिक्षक व शिक्षिकाओं को बधाई दी ।उन्होंने बताया कि सड़क सुरक्षा की। प्रतियोगिताएं विद्यालय की कला प्रवक्ता श्रीमती वर्षा रानी ,रेखा रानी व महानंद सिंह के निर्देशन में और नृत्य कला प्रतियोगिता डॉ नीतू डॉ पूनम वशिष्ठ श्रीमती रेखा रानी के निर्देशन में की गई।

उल्लेखनीय है कि संस्कृति उत्सव 2026 की तहसील स्तरीय प्रतियोगिता विद्यालय में ही आयोजित की गई थी। सड़क सुरक्षा जागरूकता माह के अंतर्गत छात्रों ने भाषण लघु नाटिका चित्रकला के द्वारा जन समुदाय को यातायात के नियमों के बारे में जागरूक करने का प्रयास किया।

संस्कृति उत्सव 2026 में स्थानीय संस्कृति परंपराओं ,लोक कला ,लोकगीत लोक नृत्य, हस्तशिल्प सांस्कृतिक विरासत और जनपद की विशिष्ट पहचान को प्रमुखता से प्रदर्शित किया गया ।लोक नृत्य गायन विद्या में प्रथम और द्वितीय स्थान पर चयनित छात्र अब 22 जनवरी को मंडल स्तर की प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे । प्रतियोगिता को सफल बनाने में विद्यालय की प्रवक्ता डॉक्टर नीतू डॉक्टर पूनम वशिष्ठ, राजीव कुमार सिंह प्रवीण जैनर आदि का सहयोग सराहनीय रहा। विद्यालय के छात्र विभिन्न प्रतियोगिताओं में जनपद ही नहीं मंडल व प्रदेश स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हैं।

विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर एस सी अग्रवाल ने बताया कि विद्यालय में उत्तर प्रदेश पर्व हमारी संस्कृति हमारी पहचान एक उत्सव के रूप में 14 जनवरी से 26 जनवरी तक बड़े धूमधाम से मनाया जा रहा है।

# संगठन के संस्थापक द्वारा संघ की कोर कमेटी का गठन किया




**वेलकम इंडिया**

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ट)।** निवाड़ी रोड स्थित मातृभूमि सेवा संघ की एक महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में संगठन के संस्थापक द्वारा संघ की कोर कमेटी का गठन किया गया। कोर कमेटी में प्रदीप बांगवा, रूपा त्यागी, पवन चौधरी, पवन शर्मा एवं सिद्धार्थ ठाकुर को शामिल किया गया। कोर कमेटी द्वारा संगठन की नव-निर्मित कार्यकारिणी के प्रमुख पदों पर सर्वसम्मति से दायित्व निर्धारण किया गया।

इस अवसर पर विकास भारतीय को अध्यक्ष, खुशाल सिंह नेगी ( पूर्व सैनिक ) को महासचिव, मोहित सोनी को कोषाध्यक्ष, आशुतोष सक्सेना एवं राजीव सैन को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, नीरज शर्मा ,विनय सिंघल एवं बृजेश कुमार को उपाध्यक्ष तथा रिंकू वर्मा को मीडिया प्रभारी का दायित्व सौंपा गया।

बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने आशा व्यक्त की कि नई कार्यकारिणी के गठन से मातृभूमि सेवा संघ राष्ट्रसेवा, सामाजिक सरोकारों एवं देशभक्ति से जुड़े कार्यों को और अधिक सक्रियता, समर्पण तथा प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाएगा।

# भाजपा युवा मोर्चा की बैठक में कई महत्वपूर्ण विषय पर की गई चर्चा



**वेलकम इंडिया**

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ट)।** भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकताओं की एक बैठक में कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई तथा अतिथियों का सम्मान किया गया। राष्ट्रीय परशुराम परिषद के प्रदेश महामंत्री दीपक वत्स के सीकरी रोड कार्यालय पर युवा मोर्चा की एक बैठक आयोजित की। बैठक का आयोजन भाजपा युवा मोर्चा के जिला कोषाध्यक्ष निखिल वत्स एवं राष्ट्रीय परशुराम परिषद के प्रदेश महामंत्री दीपक वत्स द्वारा किया गया। बैठक में कार्यकताओं ने कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की।

बैठक में मुख्य रूप से युवा मोर्चा की क्षेत्रीय मंत्री काजल त्यागी, युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष हिमांशु शर्मा, जिला महामंत्री कुलदीप सोलंकी, भोजपुर के मंडल अध्यक्ष मधुसूदन शर्मा, मीडिया प्रभारी विशाल शर्मा, डॉ विनोद चंद शर्मा, मुकुल शर्मा, तरुण सोनी, मनोज शर्मा,मोहन सिंह, राजकुमार मास्टर, राम निवास त्यागी आदि उपस्थित रहे। सभी अतिथियों का माला पहनकर एवं फटका पहना कर स्वागत किया गया।

# बीएलओ के न पहुंचने पर निवाड़ी के लोगों ने प्रदर्शन कर अपना रोष जाहिर किया

**वेलकम इंडिया**



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ट)।** कस्बा निवाड़ी में रविवार को वोट बनाने के लिए बीएलओ के न पहुंचने पर कस्बे के लोगों ने प्रदर्शन कर अपना रोष जाहिर किया। भारतीय किसान यूनियन किसान सभा के राष्ट्रीय संरक्षक सत्येंद्र त्यागी ने बताया कि नगर पंचायत निवाड़ी पुरानी टंकी पर आज सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक बीएलओ द्वारा वोट बनाने का कार्य होना था।

बीएलो दोपहर 2 बजे तक नहीं दिखाई दिए। नगर पंचायत निवाड़ी के वोटर अपनी वोट बनवाने के लिए काफी समय तक खड़े रहे। सुबह से ही नगर पंचायत निवाड़ी के वोटर वोट बनवाने वालों का ताता लगा रहा, मगर 2 बजे तक बीएलओ नहीं पहुंचे । सभी वोटर अपनी वोट बनवाने के लिए अपने-अपने काम छोड़ कर आए बीएलओ नहीं पहुंचे।

नगर पंचायत निवाड़ी के क्षेत्र वासियों में इसको लेकर बड़ा रोष देखने को मिला ।बीएलओ के न आने पर नगर पंचायत निवाड़ी के लोगों ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शन करने वालों में भारतीय किसान यूनियन किसान सभा के राष्ट्रीय संरक्षक सत्येंद्र त्यागी, अरुण त्यागी, सभासद मंगेश्वर, पूर्व सभासद नरेश त्यागी, सचिन कुमार, सुभाष त्यागी, प्रदीप गोयल,संजीव जाटव, रोहतास जाटव,महेंद्र कश्यप, चतुर्भुज त्यागी, महिपाल सैनी, राजेंद्र प्रजापत,अनिल जाटव, हरी राज त्यागी, सुबोध सेन, आदि लोग मौजूद रहे।

# जहांगीराबाद में दया क्लिनिक एंड हेल्थ केयर सेंटर पर भव्य स्वास्थ्य शिविर

**बुलंदशहर।** जहांगीराबाद स्थित दया क्लिनिक एंड हेल्थ केयर सेंटर में आज एक भव्य निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में रूप हॉस्पिटल, मेरठ की अनुभवी चिकित्सकों की पूरी टीम उपस्थित रही, जिन्होंने मरीजों की जांच कर उन्हें आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श दिया।

स्वास्थ्य शिविर में नगर जहांगीराबाद सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। शिविर के दौरान लगभग 300 मरीजों का विभिन्न रोगों के लिए स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। मरीजों की सामान्य जांच के साथ-साथ रक्तचाप, शुगर सहित अन्य बीमारियों की भी जांच की गई और जरूरतमंद मरीजों को उचित इलाज व दवाइयों के संबंध में सलाह दी गई।

# कम्बल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया



**वेलकम इंडिया**

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ट)।** नगर पंचायत पतला में प्रशासन द्वारा कंबल वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बागपत के सांसद डॉ राजकुमार सांगवान व विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय लोक दल के जिला अध्यक्ष रामपाल चौधरी, नगर पंचायत अध्यक्ष रीता चौधरी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की गई। एस.डी.एम अजीत सिंह व तेजपाल सिंह राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य, देवेंद्र चौधरी रालोद, एवं तहसीलदार, व नायब तहसीलदार की गरिमामयी उपस्थिति रही। नगर पंचायत पतला अध्यक्ष श्रीमती रीता चौधरी ने सांसद व सभी अथितियों का पुष्पगुच्छा देकर स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन क्षेत्रीय राष्ट्रीय लोक दल के क्षेत्रीय महासचिव योगेंद्र सिंह ने किया। कार्यक्रम में समस्त सभासदगण और हजारों महिला व पुरुष मौजूद रहे।

# मकान में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लगी,लाखों का सामान जला

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ट)।** भोजपुर थाना क्षेत्र के कस्बा फरीदनगर में एक विधवा के मकान में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। आग की चपेट में आकर लाखों रुपए व कीमती सामान जलकर राख हो गया। आस पडोस के लोगो ने बामुश्किल आग बुझाई। कस्बा फरीदनगर निवासी विधवा महिला सायरा जो कि मजदूरी कर गुजर बसर करती हैं। रविवार की सुबह वह मजदूरी करने गई थी,उसका बेटा अफजाल भी मजदूरी करने गया था। अफजाल की शादी की तैयारी को लेकर घर में चार लाख से अधिक रुपए रखे थे। आग की चपेट में आकर कपडे,छत की कडिया सहित लाखों रुपए का कीमती सामान जलकर राख हो गया। पडोसियों की मदद से आग पर काबू पाया गया। आग से सामान जला देख सायरा अवाक रह गई ओर फूटफूटकर रोने लगी। इस बीच कांग्रेस के जिला महासचिव अय्युब कुरैशी पहुंचे। अय्यूब कुरैशी ने जिला प्रशासन से इस विधवा महिला की मदद की गुहार लगाई हैं।

# पूर्व ग्राम प्रधान राहुल केसरवानी ने पिता की पुण्यतिथि पर आयोजित किया विशाल निःशुल्क नेत्र शिविर व कंबल वितरण

**वेलकम इंडिया**




**सहसों, प्रयागराज।** पूर्व ग्राम प्रधान राहुल केसरवानी द्वारा अपने पिता स्वर्गीय प्यारे लाल की पुण्य स्मृति में निरंतर सात वर्षों से किए जा रहे सामाजिक सेवा कार्यों की कड़ी में इस माह भी एक विशाल निःशुल्क नेत्र शिविर एवं कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन प्रति माह की भांति रोहित गेस्ट हाउस, सहसों में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ आयोजक राहुल केसरवानी ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित लोगों से आंखों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की अपील की। उन्होंने बताया कि अपने पिता की स्मृति में प्रत्येक माह की 18 तारीख को निःशुल्क नेत्र जांच शिविर एवं कंबल वितरण का आयोजन लगातार किया जा रहा है।

रविवार को आयोजित इस शिविर में लगभग 400 लोगों की निःशुल्क आंखों की जांच की गई तथा जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए गए। श्री सद्गुरु सेवा ट्रस्ट, चित्रकूट से आई डॉक्टरों की विशेष टीम ने मरीजों की जांच की, जिसमें से 65 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयनित कर भेजा गया।

कार्यक्रम में उपस्थित गणेश द्विवेदी ने कहा कि इस प्रकार के सेवा कार्य समाज के लिए अत्यंत प्रेरणादायक हैं। ऐसे आयोजनों से गरीब एवं जरूरतमंद वर्ग को बड़ा सहयोग मिलता है और उनके जीवन में राहत आती है।

इस अवसर पर रंजीत यादव, आशीष, ठाकुर अमित सिंह, आशीष शुक्ला, दीपक पाल, राजेंद्र सहित कई गणमान्य लोग एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए आयोजक राहुल केसरवानी के प्रयासों की सभी ने सराहना की।

# एडवोकेट कौशल चौधरी को भाकियू हापुड का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया




**वेलकम इंडिया**

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ट)।** भारतीय किसान यूनियन सर छोटू राम के द्वारा हापुड़ जिले का जिला अध्यक्ष हापुड़ में चमरी के रहने वाले एडवोकेट कौशल चौधरी को नियुक्त किया गया। भारतीय किसान यूनियन सर छोटू राम के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट भूपेंद्र चौधरी के द्वारा नियुक्ति पत्र जारी किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से राष्ट्रीय अध्यक्ष आनंद चौधरी, राष्ट्रीय महासचिव अजय प्रमुख, राष्ट्रीय प्रवक्ता एडवोकेट कुँवर अयूब अली, प्रदेश अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ श्रीमती गीता निगम, सचिव सोहनवीर सिंह खुटैल, कोषाध्यक्ष सोहनवीर सिंह चाचा, प्रवीण चौधरी, गाजियाबाद के जिला अध्यक्ष रणवीर प्रधान, वीरपाल सिंह, युवा के गाजियाबाद जिला अध्यक्ष विपिन खुटैल, प्रदेश उपाध्यक्ष सतवीर गुर्जर नेताजी, श्याम सिंह चौधरी सभी ने किसान और मजदूर की उन्नति के लिए अपने-अपने विचार रखें और जिला प्रशासन, तहसील और पुलिस के के भ्रष्टाचारियों पर सख्त कदम उठाने का संकल्प लिया। मंच का संचालन मंडल अध्यक्ष एडवोकेट जितेंद्र चौधरी ने किया।

# डॉक्टर लियाकत अली को काउंट सीजर मैटी स्मृति सम्मान पत्र से किया सम्मानित

**वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह**



**वाराणसी।** इंडियन इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिकल काउंसिल नई दिल्ली के 44वें स्थापना दिवस पर डाक्टर काउंट सीजर मैटी के 217वीं जयंती पर डाक्टर लियाकत अली को डॉक्टर काउंट सीजर मैटी स्मृति सम्मान पत्र से इंडियन इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिकल काउंसिल नई दिल्ली के डाक्टर एस के वर्मा ने सम्मानित करते हुए कहा कि आप को इलेक्ट्रो होम्योपैथिक चिकित्सा के विकास, प्रचार प्रसार उन्नयन एवं अनुसंधान में महान योगदान के लिए आपको यह सम्मान प्रदान किया जाता है इस मौके पर डॉक्टर एसके वर्मा ने कहा कि हम हमेशा अपने इलेक्ट्रो होम्योपैथिक चिकित्सकों को सम्मानित करते हैं इलेक्ट्रो होम्योपैथी 114 प्लांट पर आधारित है जिसमें तमाम एसेंस तैयार होते हैं और उसे जटिल एवं आसाध्य रोगियों का उपचार किया जाता है ` पांच इलेक्ट्रिक सिटी है जिसमें व्हाइट इलेक्ट्रिक सिटी, ग्रीन इलेक्ट्रिक सिटी, ब्लू इलेक्ट्रिक सिटी,रेड इलेक्ट्रिसिटी, व्हाइट इलेक्ट्रिक सिटी से हम सूरज की किरणों से प्राप्त करते हैं इन्हीं दवाओं के माध्यम से मरीज के रस रक्त और पित्त से संबंधित रोगों का इलाज करते है हमारी दवाएं विष रहित होती हैं`डाक्टर एस के वर्मा ने डाक्टर लियाकत अली को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी।

# लखनऊ के मंच से बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की अलख अब वाराणसी में होगा पुनः विशेष कैलेंडर लॉन्च

**वेलकम इंडिया**



**लखनऊ।** मल्लिका-ए-अवध ऑर्गेनाइजेशन एवं गर्व फाउंडेशन द्वारा लखनऊ में आयोजित सेलिब्रिटी टॉक शो एवं प्लास्टिक फ्री इंडिया अभियान के अंतर्गत सेलिब्रिटी मिसेज एशिया 2022 की विजेता एवं वाराणसी की गौरवशाली बेटी विजयता सच्चदेवा ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से कार्यक्रम को ऐतिहासिक और प्रेरणादायक बना दिया। यह आयोजन सौंदर्य, सम्मान और सामाजिक सरोकारों का सशक्त संगम बनकर उभरा।

कार्यक्रम के दौरान सेलिब्रिटी मिसेज एशिया विजयता सच्चदेवा द्वारा चयनित संस्था के बच्चों का कैलेंडर लॉन्च किया गया। टी.टी.एफ फाउंडेशन के 12 बच्चों को मिसेज एशिया विजयता सच्चदेवा द्वारा चयनित कर उनके विशेष कैलेंडर का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस कैलेंडर में बच्चों की प्रतिभा, सपनों, आत्मविश्वास और रचनात्मकता को प्रमुखता से दशार्या गया है। यह पहल बच्चों को समाज में नई पहचान देने के साथ-साथ उनके उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक सराहनीय प्रयास मानी जा रही है।

इसी क्रम में सेलिब्रिटी मिसेज एशिया विजयता सच्चदेवा अब वाराणसी में टी.टी.एफ फाउंडेशन के बच्चों का पुनः विशेष कैलेंडर लॉन्च करने जा रही हैं। इस अवसर पर बच्चों को न केवल सम्मानित किया जाएगा, बल्कि उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन और प्रतिभा के लिए अवार्ड प्रदान कर उनका मनोबल भी बढ़ाया जाएगा। यह आयोजन बाल सशक्तिकरण और सामाजिक जागरूकता का एक सशक्त उदाहरण बनेगा।

कार्यक्रम के दौरान सेलिब्रिटी मिसेज एशिया विजयता सच्चदेवा ने आयोजकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा,

बच्चों के साथ काम करना मेरे जीवन का सबसे संतोषजनक अनुभव है। यदि हम अपने साथ साथ उनके सपनों को पहचान दें और उन्हें सही मंच दें, तो वही बच्चे समाज और देश का भविष्य संवार सकते हैं।

# उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने नंदी पार्क गौशाला का दौरा कर किया गो संरक्षण एवं पर्यावरण पहल का निरीक्षण

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने रविवार को नगर निगम द्वारा संचालित नंदी पार्क गौशाला का विस्तृत भ्रमण किया। इस अवसर पर महापौर सुनीता दयाल एवं नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरूआत विधिवत गौ पूजन के साथ हुई, जिसमें उपमुख्यमंत्री ने गौ माता का तिलक कर पूजा-अर्चना की और गौशाला में आश्रित गोवंश को गुड़ एवं हरा चारा खिलाया। गौ संरक्षण एवं सेवा के प्रति इस संवेदनशील पहल को उपस्थित जनसमूह ने सराहा। भ्रमण के दौरान नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने नंदी पार्क गौशाला में संचालित विभिन्न योजनाओं एवं नवाचारों की जानकारी दी। विशेष रूप से गोवंश के गोबर से तैयार किए जा रहे प्राकृतिक पेंट प्रोजेक्ट को लेकर विस्तार से बताया गया। गोबर से निर्मित पर्यावरण हितैषी प्राकृतिक पेंट को देखकर माननीय उपमुख्यमंत्री ने नगर निगम की इस अभिनव पहल की भूरि-भूरि प्रशंसा की और इसे आत्मनिर्भर भारत व स्वच्छ पर्यावरण की दिशा में एक सराहनीय प्रयास बताया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की योजनाएं न केवल गोवंश संरक्षण को बढ़ावा देती हैं, बल्कि रोजगार के नए अवसर भी सृजित करती हैं। नगर आयुक्त द्वारा नंदी पार्क में संचालित एनिमल बर्थ कंट्रोल सेंटर की कार्यप्रणाली की भी जानकारी दी गई। उपमुख्यमंत्री ने निराश्रित स्वानों के नियंत्रण, उपचार एवं देखरेख की व्यवस्थाओं को सराहते हुए कहा कि शहरी क्षेत्रों में मानवीय दृष्टिकोण से पशु कल्याण के लिए यह अत्यंत आवश्यक है। महापौर एवं नगर आयुक्त के नेतृत्व में निराश्रित गोवंश और स्वानों की देखरेख हेतु नगर निगम द्वारा किए जा रहे प्रयासों को उन्होंने अनुकरणीय बताया और निगम टीम की सराहना की। महापौर सुनीता दयाल ने बताया कि माननीय उपमुख्यमंत्री ने गौशाला भ्रमण के दौरान नंदी पार्क में कार्यरत कर्मचारियों एवं सफाई मित्रों के कल्याण का भी विशेष ध्यान रखा। उन्होंने कड़ाके की ठंड को देखते हुए सफाई मित्रों एवं कर्मचारियों को कंबल वितरित किए और लगभग 63 कर्मचारियों को पीपीई किट प्रदान कर उन्हें सुरक्षित तरीके से कार्य करने के लिए प्रेरित किया। उपमुख्यमंत्री ने कर्मचारियों से संवाद करते हुए उनके कार्य की सराहना की और कहा कि स्वच्छता एवं पशु सेवा से जुड़े कर्मियों का योगदान समाज के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। भ्रमण के दौरान गोबर से निर्मित विभिन्न उपयोगी उत्पादों का भी अवलोकन किया गया। इनमें गोबर से बनी खाद, बर्तन, मूर्तियां, दीपक, हवन सामग्री एवं अन्य दैनिक उपयोग की वस्तुएं शामिल रहीं। इन उत्पादों को देखकर उपमुख्यमंत्री ने प्रसन्नता व्यक्त की और इनके व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गोबर आधारित उत्पाद पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने का सशक्त माध्यम हैं। नगर आयुक्त ने जानकारी दी कि उपमुख्यमंत्री के निर्देशों के क्रम में गाजियाबाद नगर निगम द्वारा गोवंश के गोबर से तैयार की जा रही उपयोगी वस्तुओं को चरणबद्ध तरीके से घर-घर तक पहुंचाने की योजना बनाई जा रही है। इससे जहां एक ओर गोवंश संरक्षण को आर्थिक मजबूती मिलेगी, वहीं दूसरी ओर आमजन को पर्यावरण के अनुकूल उत्पाद उपलब्ध हो सकेंगे।

# सीईओ नवदीप रिणवा ने मतदेय स्थलों का किया निरीक्षण

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** भारत निर्वाचन आयोग के निदेशों के क्रम में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 के तहत जनपद में मतदाता सूची के दावे एवं आपत्तियां प्राप्त करने के लिए रविवार को विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के अंतर्गत सभी बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) ने अपने-अपने मतदेय स्थलों पर उपस्थित रहकर आलेख्य प्रकाशित निर्वाचक नामावली का वाचन किया और पात्र व छूटे हुए मतदाताओं से फार्म-6, फार्म-7 एवं फार्म-8 के माध्यम से आवेदन प्राप्त किए। मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश नवदीप रिणवा ने जिला निर्वाचन अधिकारी रविन्द्र कुमार मॉंदड़ एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ भट्ट के साथ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 55-साहिबाबाद के मतदान केन्द्र इंदिरापुरम पब्लिक स्कूल, न्याय खण्ड प्रथम तथा मदन मेमोरियल पब्लिक स्कूल, शालीमार गार्डन एक्सटेंशन-2 स्थित मतदेय स्थलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विशेष अभियान की तैयारियों की समीक्षा की और बीएलओ द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, बीएलओ सुपरवाइजर एवं बीएलओ उपस्थित रहे। इसी क्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा विधानसभा क्षेत्र 54 के अंतर्गत इन्ग्राहम इंटर कॉलेज एवं सेंट पॉल स्कूल, राजनगर के मतदान केन्द्रों का भी निरीक्षण किया गया। उन्होंने मौके पर मौजूद नागरिकों को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी और फार्म-6 भरवाने में सहयोग प्रदान किया। अधिकारियों ने मतदाताओं को अवगत कराया कि नए मतदाताओं के लिए फार्म-6, मतदाता सूची से नाम अपमार्जन के लिए फार्म-7 तथा मतदाता सूची में प्रविष्टि में संशोधन अथवा स्थानान्तरण के लिए फार्म-8 मय घोषणा पत्र भरना आवश्यक है। स्थानान्तरण की स्थिति में फार्म-6 के स्थान पर फार्म-8 भरने की स्पष्ट हिदायत दी गई। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने कहा कि मतदाता सूची का शुद्धिकरण एक सतत प्रक्रिया है, जिसमें आमजन का सहयोग अत्यंत आवश्यक है। यदि किसी क्षेत्र में ऐसे मतदाताओं के नाम दर्ज हैं जो स्थानांतरित हो चुके हैं अथवा जिनका निधन हो गया है, तो इसकी सूचना संबंधित बीएलओ को अवश्य दें।

# तो हमारा कुछ नहीं हो सकता !

रवि अरोड़ा

> काश कोई हमें समझाए कि अघोषित हिंदू राष्ट्र का सबसे बड़ा नुकसान अल्पसंख्यकों से पहले बहुसंख्यक समाज को होगा। जब धर्म सत्ता की ढाल बन जाता है, तो सत्ता जवाबदेह नहीं रहती। बेरोजगारी, महँगाई, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे सवाल दबा दिए जाते हैं और जनता को भावनात्मक नारों में उलझा दिया जाता है। राष्ट्र नागरिकों से नहीं, तालियाँ बजाने वाली भीड़ से चलाया जाने लगता है। सबसे खतरनाक मोड़ तब आता है जब कानून की जगह पहचान लेने लगती है। अपराध और पीड़ित का मूल्यांकन धर्म देखकर होने लगता है। न्याय शोर से डरने लगता है। यह वही क्षण होता है जब लोकतंत्र कागजों में बचता है और व्यवहार में मर जाता है। भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने की जरूरत नहीं है, क्योंकि भारत की पहचान किसी एक धर्म में नहीं, बल्कि इस विचार में है कि राज्य अपने नागरिकों से उनका धर्म नहीं पूछता। जो लोग संविधान से ज्यादा आस्था को सत्ता का आधार बनाना चाहते हैं, वे दरअसल भारत को कमजोर कर रहे हैं, मजबूत नहीं। धर्म निजी आस्था है, राष्ट्र सार्वजनिक ज़िम्मेदारी। दोनों को मिलाने की ज़िद देश को उस रास्ते पर ले जा रही है जहाँ से लौटना आसान नहीं होगा। स्पष्ट है कि आज चेतावनी को नजरअंदाज करना कल पछतावे में बदल सकता है। आखिरी बात, गाजियाबाद में हिंदू रक्षा दल के पिंकी चौधरी और उसके समर्थकों का विजय जुलूस देख कर भी यदि हमारे मनों में ऐसे सवाल नहीं उपज रहे तो यकीन जानिए वाकई हमारा कुछ नहीं हो सकता।

खबर पर गौर कीजिए। ' हिंदू खतरे में है ' यह कह कर कथित हिंदू रक्षा दल के कार्यकर्ता लोगों के बीच स्टॉल लगाकर तलवारें बांटते हैं और साथ ही बाजारों में उग्र प्रदर्शन करते हैं। पुलिस इन लोगों को गिरफ्तार करती है तो उसका जबदस्त विरोध होता है। बाद में अदालत सभी आरोपियों को जमानत दे देती है तो हिन्दुओं के कथित रक्षक गाड़ियों के लंबे काफिले के साथ राष्ट्रीय राजमार्ग और बाजारों में विजय जुलूस निकालते हैं और पुलिस प्रशासन मूक तमाशा देखता रहता है। हो सकता है कि ऐसी खबरों में अब आपको कोई नयापन न लगता हो और आप इसे भी लोकतंत्र का हिस्सा मान बैठे हों। यदि ऐसा ही है तो जरा ठहर कर एक बार फिर विचार कीजिए कि अगर यही लोकतंत्र है तो फिर अराजकता किसे कहते हैं ? कहीं आपको ऐसा तो नहीं लगता कि देश में पिछले एक दशक से जो भी हो रहा है, वह येन केन प्रकारेण संविधान सम्मत ही है तो क्षमा करें आपको संविधान की प्रस्तावना दोबारा पढ़ने की भी आवश्यकता है। जमाने से सुनते आए थे कि कुछ लोग भारत को एक हिंदू राष्ट्र बनाने की जुगत मे हैं मगर देश का संविधान हमेशा आश्वस्त करता था कि यह कार्य असंभव है मगर अब साफ दिख रहा है कि संविधान जैसी अमूर्त शय से देश नहीं चला करते। देश चलते हैं भावना अथवा दुर्भावना से। तभी तो कहना पड़ रहा है भारत को अघोषित रूप से हिंदू राष्ट्र में बदलने की कोशिश अब संकेतों और इशारों तक सीमित नहीं रही। यह एक सुनियोजित राजनीतिक परियोजना बन चुकी है, जिसमें संविधान को औपचारिक रूप से बदले बिना उसकी आत्मा को खोखला किया जा रहा है। यह वही संविधान है जिसने भारत को भीड़ नहीं, नागरिकों का राष्ट्र बनाया था। यह कहना अब भ्रम फैलाना है कि राज्य इस मामले में तटस्थ है। जब सत्ता का सर्वोच्च नेतृत्व धार्मिक अनुष्ठानों का चेहरा बन जाए, जब सरकारी संसाधन एक खास आस्था के उत्सवों में झोंक दिए जाएँ और जब राष्ट्र की पहचान को एक धर्म के प्रतीकों से गूंथ दिया जाए तो क्षमा करें यह सांस्कृतिक गर्व नहीं वरन राज्य प्रायोजित पक्षधरता होती है।

पता नहीं कैसे हिंदू राष्ट्र के समर्थक बार-बार यह दावा करते हैं कि इससे किसी का अधिकार नहीं छीना जा रहा। जबकि साफ दिख रहा है कि यह आधा सच और पूरा झूठ है। अधिकार सिर्फ कानून की किताबों से नहीं बचते, वे उस माहौल से बचते हैं जहाँ राज्य निष्पक्ष दिखाई दे। जब अल्पसंख्यक नागरिकों को यह महसूस होने लगे कि राज्य उनके साथ नहीं, बल्कि बहुसंख्यक भावनाओं के साथ खड़ा है, तब अधिकार कागज पर रह जाते हैं और नागरिकता खोखली हो जाती है। इन दिनों चल रहे इस बड़े राजनीतिक खेल का सबसे चालाक पहलू यही तो है कि सब कुछ ह्वघोषितह्व नहीं किया जा रहा। बेशक कोई कानून नहीं कहता कि भारत हिंदू राष्ट्र है, लेकिन व्यवहार में यह संदेश बार-बार दिया जा रहा है कि यह देश मुख्यतः हिंदुओं का ही है और बाकी सब यहाँ शर्तों पर रह रहे हैं। क्या यह सोच लोकतंत्र को धकिया कर हमें बहुसंख्यक वर्चस्व की ओर नहीं ले जा रही ? मजाक देखिए कि पाकिस्तान और इस्लामी राष्ट्रों का हवाला देकर हिंदूराष्ट्र वादी सोच के लोग अपनी बौद्धिक गरीबी को ही उजागर कर रहे हैं। कोई उन्हें बताए कि भारत ने जानबूझकर वह रास्ता नहीं चुना था। अगर भारत को भी धार्मिक राष्ट्र बनना ही था, तो आजादी के समय संविधान लिखने, मौलिक अधिकार देने और धर्मनिरपेक्षता अपनाने का नाटक क्यों किया गया ? क्या यह सच नहीं है कि धार्मिक राष्ट्रों की असफलता देखकर ही भारत ने उनसे अलग रास्ता चुना था ?

# गाजियाबाद सिहानी गेट पुलिस ने 3 वाहन चोरों को माल समेत किया गिरफ्तार

वेलकम इंडिया



इंद्रेश शर्मा, गाजियाबाद। गाजियाबाद के थाना सिहानी गेट पुलिस ने ई रिक्शा चोरी करने वाले कबाड़ी समेत 3 अभियुक्तों गिरफ्तार किया है पकड़े गए बदमाशों से एक ई रिक्शा लोडर भी बरामद हुआ है। एसीपी नंदग्राम उपासना पांडे ने बताया कि थाना सिहानी गेट पुलिस द्वारा संदिग्ध वाहन और व्यक्तियों की चेकिंग के दौरान मुखबिर से सूचना मिली। सूचना के आधार पर पुलिस ने पटेल नगर इलाके से चोरी का एक ई-लोडर बरामद किया और तीन आरोपियों को मौके से गिरफ्तार किया। वी/ओ.. पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने चौंकाने वाले खुलासे किए। आरोपियों ने बताया कि वे गाजियाबाद के अलग-अलग थाना क्षेत्रों से ई-रिक्शा और ई-लोडर चोरी करते थे। चोरी किए गए वाहनों को कबाड़ की दुकानों पर ले जाकर उनके पाट्र्स अलग-अलग काट दिए जाते थे, जिन्हें बाद में बेचकर आपस में पैसा बांट लिया जाता था। आरोपियों ने अब तक आधा दर्जन से अधिक ई-रिक्शा चोरी करने की बात कबूल की है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार तीनों आरोपियों के खिलाफ पहले से भी कई आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें वाहन चोरी और मारपीट जैसे गंभीर आरोप शामिल हैं। पकड़े गए तीनों अभियुक्तों पर नंदग्राम थाने पर चोरी के मुकदमे दर्ज है।

# जहरीली हवा में घुटा गाजियाबाद, चार साल का रिकॉर्ड टूटा, एक्यूआई 465 पहुंचा

वेलकम इंडिया

**साहिबाबाद।** गाजियाबाद ने रविवार को वायु प्रदूषण के मामले में बीते चार वर्षों का रिकॉर्ड तोड़ दिया। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार रविवार दोपहर तीन बजे जिले का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 465 दर्ज किया गया, जो कि 'अति गंभीरज श्रेणी में आता है। इससे पहले 12 नवंबर 2021 को गाजियाबाद में अधिकतम एक्यूआई 486 रिकॉर्ड किया गया था। हालांकि दोपहर चार बजे औसत एक्यूआई में हल्की गिरावट आई और यह 458 पर पहुंच गया, फिर भी स्थिति बेहद चिंताजनक बनी रही। लगातार तीसरे दिन गाजियाबाद देश का सबसे प्रदूषित शहर बना रहा। शनिवार से ही आसमान में धुंध की मोटी परत छाई हुई थी, जो रविवार को और घनी हो गई। आंखों से दिखाई देने वाली इस धुंध ने यह साफ संकेत दे दिया कि शहर की हवा किस कदर जहरीली हो चुकी है। जिले के अधिकांश इलाकों में हवा 'गंभीरज श्रेणी में बनी रही। इंदिरापुरम, लोनी, वसुंधरा और संजय नगर जैसे घनी आबादी वाले क्षेत्रों में सांस लेना तक दूभर हो गया। लोनी क्षेत्र की स्थिति सबसे अधिक भयावह रही, जहां एक्यूआई 479 दर्ज किया गया। इससे पहले लोनी में चार नवंबर 2023 को एक्यूआई 480 तक पहुंचा था। वहीं वसुंधरा का एक्यूआई 475 और इंदिरापुरम का 456 दर्ज किया गया। संजय नगर में भी हालात चिंताजनक रहे, जहां एक्यूआई 422 रहा। रविवार दोपहर चार बजे जिले का औसत एक्यूआई 458 दर्ज किया गया, जो बीते पांच वर्षों में सर्वाधिक में से एक है। हवा में घुले प्रदूषणकारी तत्वों की मात्रा भी खतरनाक स्तर पर पहुंच गई। पीएम-2.5 और पीएम-10 जैसे सूक्ष्म कण कई गुना अधिक पाए गए, जो सीधे फेफड़ों में जाकर गंभीर बीमारियों का कारण बनते हैं। नाइट्रोजन डाइऑक्साइड, अमोनिया, सल्फर डाइऑक्साइड और कार्बन मोनोऑक्साइड जैसी जहरीली गैसों का स्तर भी सामान्य से कहीं अधिक दर्ज किया गया, जिससे बच्चों, बुजुर्गों और अस्थमा व हृदय रोगियों के लिए खतरा और बढ़ गया।

# 32 बच्चियों को निशुल्क सर्वाइकल कैंसर वैक्सीन, समाज से सहयोग की अपील

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) गाजियाबाद द्वारा समाजहित में एक सराहनीय स्वास्थ्य पहल के तहत रविवार, को धर्मार्थ औषधालय शिव मंदिर समिति, सेक्टर-सी, ई एवं एफ ब्लॉक में निशुल्क सर्वाइकल कैंसर वैक्सीनेशन शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर आईएमए गाजियाबाद की अध्यक्ष डॉ. अल्पना कंसल के नेतृत्व में संपन्न हुआ, जिसमें बच्चियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु गाडार्सील-4 वैक्सीन निःशुल्क लगाई गई। डॉ. अल्पना कंसल ने बताया कि यह अभियान उनके द्वारा पूर्व में एक गैर-सरकारी संस्था के सहयोग से प्रारंभ किया गया था, जिसके अंतर्गत लगभग 400 बच्चियों को वैक्सीन लगाई जा चुकी थी। हालांकि वैक्सीन की लागत लगभग 3,000 रुपये प्रति डोज होने के कारण यह परियोजना बंद होने की कगार पर पहुंच गई थी। बावजूद इसके, उन्होंने इस मुहिम को रुकने नहीं दिया और आईएमए गाजियाबाद ने आगे आकर इसे नई गति प्रदान की। अब तक तीन वैक्सीनेशन शिविरों के माध्यम से 90 बच्चियों को गाडार्सील-4 वैक्सीन लगाई जा चुकी है। डॉ. अल्पना कंसल ने कहा कि यही वे क्षेत्र हैं जहां समाज के सहयोग और आर्थिक सहायता की सबसे अधिक आवश्यकता होती है।

# एडवोकेट कौशल चौधरी को दिया जिम्मेदारी पत्र, किसान और मजदूर कल्याण को लेकर नेताओं ने जताया संकल्प

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** भारतीय किसान यूनियन सर छोटू राम के नेतृत्व में हापुड़ जिले के नए जिला अध्यक्ष के रूप में एडवोकेट कौशल चौधरी को नियुक्त किया गया। चमरी निवासी कौशल चौधरी को नियुक्ति पत्र प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट भूपेंद्र चौधरी द्वारा प्रदान किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष आनंद चौधरी, राष्ट्रीय महासचिव अजय प्रमुख, राष्ट्रीय प्रवक्ता एडवोकेट कुँवर अयूब अली, प्रदेश अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ गीता निगम, सचिव सोहनवीर सिंह खुटैल, कोषाध्यक्ष सोहनवीर सिंह चाचा, प्रवीण चौधरी, गाजियाबाद के जिला अध्यक्ष रणवीर प्रधान, वीरपाल सिंह, युवा मोर्चा के गाजियाबाद जिला अध्यक्ष विपिन खुटैल, प्रदेश उपाध्यक्ष सतवीर गुर्जर और श्याम सिंह चौधरी उपस्थित रहे। नेताओं ने मंच से किसानों और मजदूरों की उन्नति के लिए विभिन्न योजनाओं और पहलों पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने जिला प्रशासन, तहसील और पुलिस में भ्रष्टाचारियों के खिलाफ सख्त कदम उठाने का भी संकल्प लिया। कार्यक्रम का संचालन मंडल अध्यक्ष एडवोकेट जितेंद्र चौधरी ने किया। इस अवसर पर उपस्थित सभी नेताओं ने किसान हितों और सामाजिक न्याय को सुनिश्चित करने के लिए एकजुट होकर काम करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में उपस्थित सदस्यों ने नए जिला अध्यक्ष कौशल चौधरी को बधाई दी और आगामी कार्यक्रमों में उनके साथ सहयोग की प्रतिबद्धता जताई।

# फायर सर्विस ऑफिसर द्वारा अग्नि शामक यंत्रों के उपयोग की विधि को समझाया गया



वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** केंद्रीय गृह मंत्रालय भारत सरकार एवं निदेशालय नागरिक सुरक्षा उ० प्र० लखनऊ के निदेशानुसार एम आई टी सभागार में वार्डन एवं स्वयंसेवक के क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम के तृतीय सत्र के तीसरे दिन आज दिनांक 18/01/2026 को प्रशिक्षण का शुभारंभ ₹इतनी शक्ति हमें देना दाता₹ प्रार्थना से किया गया। तत्पश्चात श्री सतीश कुमार सहायक उपनियंत्रक (व0 वे0) द्वारा पहले सेशन में ₹हाउस फायर पार्टी संगठन₹ के बारे में बताया गया₹। दूसरे सेशन में फायर सर्विस ऑफिसर द्वारा ₹अग्नि शामक यंत्रों के उपयोग की विधि₹ को समझाया गया। तीसरे दिन के अंतिम सेशन में श्री सतीश कुमार सहायक उपनियंत्रक द्वारा अग्निशमन कर्मियों के लिए स्थाई अग्निशामक प्रणाली, पी पी ई किट आदि₹ पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में नागरिक सुरक्षा कार्यालय से चमन कुमार शर्मा, तुषार अग्रवाल मास्टर ट्रेनर अखिल अग्रवाल, विवेक कुमार यादव, डिविजन वार्डन सुरेंद्र प्रकाश गुप्ता, मो खालिद, स्टाफ अधिकारी अशोक कुमार गुप्ता वसीम अख्तर, शरीफ अहमद, डॉ शफीक अहमद, अनुज गुप्ता, राजविमल शर्मा आदि ने उपस्थित रह कर सहयोग प्रदान किया।